राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 71, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 27 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दिल्ली सरकार बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जारी करेगी गाइडलाइन्स .... पेज 03

सीएम योगी ने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत .... पेज 05

एशियाई खेल : भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराया .... पेज 07

## कावेरी विवाद पर किसानों ने किया बेंगलुरु बंद

### तमिलनाडु से आने वाली बसें रोकीं, स्कूल-कॉलेज नहीं खुले; 200 प्रदर्शनकारी हिरासत में

बेंगलुरु/नई दिल्ली। तमिलनाडु के साथ कावेरी नदी के जल बंटवारे को लेकर कर्नाटक के किसानों ने मंगलवार को राजधानी बेंगलुरु में 12 घंटे का बंद बुलाया। स्कूल-कॉलेज नहीं खुले। होटल और रेस्त्रां भी बंद रहे। प्रदर्शनकारियों ने तमिलनाडु से आने वाली बसों को भी रोक दिया।

दरअसल, 13 सितंबर को कावेरी वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने एक आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया कि कर्नाटक अगले 15 दिन तक तमिलनाडु को कावेरी नदी से 5 हजार क्यूसेक पानी दे। कर्नाटक के किसान संगठन, कन्नड़ संस्थाएं और विपक्षी पार्टियां इसी फैसले का विरोध कर रही हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी से जुड़ा यह विवाद 140 साल पुराना है।

### प्रदर्शनकारियों ने सरकार से कहा- 5 मांगें पूरी करें

शांताकुमार ने दावा किया कि सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक के लिए बुलाया गया बंद सफल रहा। समिति ने सरकार को फैसला लेने के लिए तीन दिन का समय दिया है। ऐसा न होने पर संगठन



ने विरोध तेज करने की चेतावनी दी है। कर्नाटक सरकार की तरफ से परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने फ्रीडम पार्क में प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की और 5 मांगों वाला ज्ञापन लिया।

इन मांगों में तमिलनाडु को पानी न देना, संकट काल में आकलन करने चुनाव आयोग जैसी संस्था बनाने, मेकेदातु परियोजना लागू करने और किसानों-समर्थकों के खिलाफ मामले वापस लिया जाना शामिल है।

### सिद्धारमैया बोले- विपक्ष राजनीति कर रहा है

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी जल विवाद को लेकर विपक्षी दलों भारतीय जनता पार्टी और जनता दल (सेक्युलर) पर राजनीति करने का आरोप लगाया। मैसूरु में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि कोई भी बंद बुलाया जा सकता है, हमें उस पर कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला है, लेकिन हम उन्हें परेशान नहीं करेंगे, उन्हें बंद बुलाने दीजिए।

वहीं, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि तमिलनाडु के लोगों ने 12500 क्यूसेक पानी मांगा है। फिलहाल हम 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने की स्थिति में भी नहीं है।

## बीआरएस नेता कविता को ईडी से मिली राहत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की शराब नीति से जुड़े दिल्ली उत्पाद शुल्क कथित घोटाले के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उच्चतम न्यायालय के समक्ष अगली सुनवाई 20 नवंबर तक तलब नहीं करेगा।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ के समक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने ईडी का पक्ष रखते हुए मंगलवार को यह आश्वासन दिया। श्री राजू ने कहा कि ईडी ने उन्हें (कविता) नहीं बुलाया है और जब बुलाया जाएगा तो 10 दिन का नोटिस दिया जाएगा।

न्यायमूर्ति कौल ने राजू से कहा कि अदालत को इस मामले की सुनवाई करनी होगी, और इस बीच, उसे (कविता) को फोन न करें। ईडी इस पर सहमत हुआ।

पीठ ने सुनवाई के दौरान कविता के वकील से लंबित याचिकाओं के बारे में भी जानना चाहा।

## महिला आरक्षण विधेयक से नये संसद भवन में नये भविष्य की शुरुआत : मोदी

### विधायिका में महिला आरक्षण का मुद्दा तीन दशक से लंबित था जिसे अब रिकार्ड समर्थन से पारित किया गया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक को संसद की स्वीकृति को एक 'बड़ी उपलब्धि' तथा 'नये संसद में देश के नये भविष्य की शुरुआत बताया है।'

उन्होंने कहा कि विधायिका में महिला आरक्षण का मुद्दा तीन दशक से लंबित था जिसे अब रिकार्ड समर्थन से पारित किया गया। मोदी सरकार के रोजगार मेला कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के लिए चयनित करीब



51,000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मोदी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि सरकारी कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा से देश को अपने लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण विधेयक के बारे में उन्होंने कहा, आज हमारा देश ऐतिहासिक उपलब्धियों और फैसलों का साक्षी बन रहा है। कुछ दिन पहले ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में देश की आधी आबादी को बहुत बड़ी ताकत मिली है। 30 वर्षों से महिला आरक्षण का जो विषय लंबित था, वह अब रिकॉर्ड वोटों के साथ दोनों सदनों से पास हुआ है। संसद के इसी माह सम्पन्न विशेष अधिवेशन में महिला आरक्षण के लिए संविधान में 128वें संशोधन के लिए रखा गया यह विधेयक नए संसद भवन का पहला विधायी कार्य रहा। दोनों सदनों में इसे करीब करीब आम सहमति से स्वीकृत किया गया। मोदी ने कहा, आप कल्पना कीजिए कि ये कितनी बड़ी उपलब्धि है। ये मांग तब से हो रही थी, जब आप लोगों में से ज्यादातर लोगों का जन्म भी नहीं हुआ होगा। यह निर्णय देश की नई संसद के पहले सत्र में हुआ है। एक तरह से नई संसद में, देश के नए भविष्य की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा नए नियुक्त किए जा हरे कर्मियों को गणेशोत्सव पर शुभकामना देते हुए कहा, आपकी सेवाओं का संकल्प, राष्ट्र के लक्ष्यों को सिद्धि तक ले जाए। आज इस रोजगार मेले में भी हमारी बेटियों को बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र मिले हैं।

## धनखड़ आज राजस्थान के दौरे पर

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल राजस्थान की एक दिन की यात्रा पर रहेंगे और झुंझुनू, बाड़मेर, बीकानेर तथा जोधपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सचिवालय ने बताया कि धनखड़ नयी दिल्ली से राजस्थान पहुंचेंगे जहां सबसे पहले वह बिट्स पिलानी संस्थान जाएंगे और वहां उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद करेंगे।

**रोज़गार मेला**




वाराणसी में रोज़गार मेले के दौरान नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाते हुए।

## एमपी के दतिया कुंड में डूबे 10 बच्चे, 4 की मौत

### दतिया में गणेश विसर्जन के दौरान हादसा, 2 बच्चे ग्वालियर रेफर

एजेंसी

दतिया। दतिया में गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। प्रतिमा विसर्जित करते समय 10 बच्चे कुंड में डूब गए। इसमें तीन लड़कियों समेत 4 की मौत हो गई। मृतकों की उम्र 15 से 16 साल की है। घटना मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निआऊल बड़ेनिया में सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में कुंड बनाया गया था। इसमें बच्चे प्रतिमा विसर्जित करने पहुंचे थे।

इस दौरान अंश पाल पिता ब्रजमोहन पाल (14), प्रतिज्ञा पाल पिता झाहर सिंह (15), कृष्णा पाल पिता रामहजुर पाल (16) और आस्था पिता श्रीराम पाल (15) की डूबने से मौत हो गई। वहीं दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। एक बच्चा जिला अस्पताल में भर्ती है। बाकी बच्चे सुरक्षित है।

**बैठक**




अमृतसर में 31वीं उत्तरी क्षेत्रीय परिषद (एनजेडसी) की बैठक के दौरान उत्तरी राज्यों के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

## दलित महिला के साथ मारपीट करने के मामले में बिहार सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कर्ज का ब्याज नहीं चुकाने पर एक दलित महिला के साथ कथित मारपीट और उसके कपड़े उतरवाने के मामले में मंगलवार को बिहार के मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया। आयोग ने इस मामले में चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने एक बयान में कहा कि रिपोर्ट में एफआईआर की स्थिति, पीड़ित महिला की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य स्थिति और उसे दिया गया मुआवजा, यदि कोई हो, भी शामिल होना चाहिए। एनएचआरसी ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है कि 23 सितंबर को पटना जिले के मोसिमपुर गांव में अनुसूचित जाति की एक 30 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई, उसके कपड़े उतार दिए गए और उस पर पेशाब किया गया।

## सुरक्षाबलों से झड़प में 53 स्टूडेंट्स घायल

### 2 स्टूडेंट्स की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे; मोबाइल इंटरनेट फिर बंद

**इंफाल।** केवल 5 दिनों की राहत के बाद हिंसाग्रस्त मणिपुर में एक बार फिर से इंटरनेट बैन कर दिया गया। अधिसूचना के मुताबिक, 1 अक्टूबर तक इंटरनेट बैन लगाया गया है। ताजा हिंसा 2 मारे जा चुके मैतेई छात्रों की वायरल तस्वीरों को लेकर शुरू हुई है। इसके विरोध में हजारों छात्रों के सड़कों पर उतरने के बाद मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट शटडाउन फिर से लागू कर दिया है। अधिसूचना में कहा गया है, राज्य सरकार मणिपुर राज्य के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से मोबाइल इंटरनेट डेटा सेवाओं, इंटरनेट/डेटा सेवाओं को 1 अक्टूबर, 2023 की शाम 7: 45 बजे तक तत्काल प्रभाव से पांच दिनों के लिए निलंबित करने का निर्णय लेती है।

### वायरल तस्वीर बनी ताजा हिंसा की वजह

मणिपुर की इंफाल घाटी में दो युवकों की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ पर पुलिस ने मंगलवार को आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया, जिसमें 50 से अधिक छात्र घायल हो गए। अधिकारियों ने यह




जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, घायलों में ज्यादातर लड़कियां हैं। इन दोनों युवकों का जुलाई में कथित तौर पर अपहरण किया गया था।

दो युवकों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ घंटों बाद इंफाल स्थित स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने विरोध रैलियां निकालीं और हत्या में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग की।

प्रदर्शनकारियों की इंफाल पूर्वी जिले के संजेनथोंग के पास पुलिस के साथ झड़प हो गई जब सुरक्षाबलों ने उन्हें यहां मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने आंदोलनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज किया।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, '' दो युवकों की हत्या के विरोध में इंफाल में स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने रैली निकाली।

जैसे ही छात्र मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर बढ़ रहे थे, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए कार्रवाई की।''

चिकित्सा सुविधाओं के अधिकारियों ने कहा कि पुलिस कार्रवाई में 50 से अधिक छात्र घायल हो गए और उन्हें इंफाल के तीन अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में एक आतंकी, 8 अंडर-ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

### इनमें दो महिलाएं शामिल; हथियार और गोला-बारूद बरामद

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस और सेना की टीम ने आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। आतंकवादियों और उनके नेटवर्क पर ताजा कार्रवाई करते हुए 6 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक दहशतगर्द के अलावा दो महिलाएं और एक किशोर भी गिरफ्तार हुए हैं। गिरफ्तार आतंकी यासिन अहमद शाह भी पकड़ा गया है, जो घाटी में आतंकी वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं और किशोरों को आतंकी मददगार के तौर पर इस्तेमाल कर रहे थे। इनके पास हथियारों का जखीरा भी बरामद हुआ है।

यह ऑपरेशन सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के पास से तीन पिस्तौल और पांच हथगोले सहित हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया गया है। बयान में कहा, छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक सक्रिय आतंकवादी यासिर अहमद शाह भी शामिल है। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमोक नागपुरे ने कहा, एक किशोर सहित पांच अन्य उसके सहयोगी हैं।

### महिलाओं को भी जोड़ रहे आतंकी

उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियों ने जम्मू-कश्मीर में संभावित आतंकवादी हमले को रोक दिया है और सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भी



भंडाफोड़ किया है। एसएसपी बारामूला के मुताबिक, यासिर अहमद शाह की गिरफ्तारी के बाद वे उसके साथियों को गिरफ्तार करने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को इस तरह की गतिविधियों में फुसलाया जाता है क्योंकि आम तौर पर कोई उन पर शक नहीं करता है। नागपुरे ने कहा कि पुलिस ऐसी गतिविधियों में शामिल महिलाओं और किशोरों के साथ नरमी नहीं बरतेगी।

### अनंतनाग एनकाउंटर के बाद से आतंकियों की धरपकड़ जारी

अनंतनाग में हाल ही में एक सप्ताह तक चली मुठभेड़ में तीन अधिकारियों सहित चार सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने के बाद, सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में संदिग्ध आतंकवादियों पर कार्रवाई तेज कर दी है।

**लखीमपुर खीरी हिंसा मामला**

## केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को दिल्ली जाने की छूट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे एवं लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील दे दी।

शीर्ष अदालत ने यह ढील उन्हें अपनी बीमार मां की देखभाल और अपनी बेटी का इलाज के लिए दिल्ली जाने और वहां रहने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित



किया। पीठ ने याचिकाकर्ता को अनुमति देने के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेंगे या विचाराधीन मामले के संबंध में मीडिया को संबोधित नहीं कर सकेंगे। पीठ ने उन पर दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश करने से रोक की पहले की शर्त हटा दी है।

शीर्ष अदालत ने हालांकि यह भी कहा कि आरोपी के उत्तर प्रदेश में प्रवेश पर रोक अभी भी जारी रहेगी।

यह मामला केंद्र के (निरस्त किए गए) कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में हिंसा भड़कने के बाद 3 अक्टूबर 2021 को चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत से संबंधित है।

**चोरी**

### चौथी मंजिल का ताला तोड़कर दाखिल हुए बदमाश, सीसीटीवी फुटेज मिलने का दावा

## दीवार काटकर ज्वेलरी शोरूम में 25 करोड़ की चोरी

नई दिल्ली। दिल्ली के भोगल इलाके में एक ज्वेलरी शोरूम में 25 करोड़ की चोरी की मामला सामने आया है। चोर चौथी मंजिल का ताला तोड़कर दुकान में घुसे, फिर स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार काटी। चोरी उमराव सिंह ज्वेलर्स के शोरूम में हुई। दिल्ली पुलिस ने इस घटना का सीसीटीवी फुटेज मिलने का दावा किया है। हालांकि, उसने ये फुटेज जारी नहीं किए हैं।

सीसीटीवी फुटेज में दो चोर देखे गए हैं। इनकी पहचान नहीं हो सकी है। घटना में और बदमाशों के शामिल होने की आशंका है। पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए बिल्डिंग के आसपास की पांच छतों से सैंपल कलेक्ट किए




हैं। इन घरों में रहने वाले सभी लोगों के फिंगर प्रिंट्स भी लिए गए हैं।

### रविवार रात दुकान बंद करके गए, मंगलवार को धूल ही धूल मिली

शोरूम के मालिक संजीव जैन ने बताया कि हम रविवार 24 सितंबर रात 8 बजे दुकान बंद करके गए थे। सोमवार को छुट्टी रहती है। मंगलवार 26 सितंबर की सुबह 10: 30 बजे शोरूम खोला तो हर तरफ धूल थी। जांच के बाद पता चला कि शोरूम में रखे सभी गहने गायब हैं।

सोना-चांदी और हीरा समेत करीब 20-25 करोड़ के सामान की चोरी हुई है। 4 से 5 लाख रुपए कैश भी गायब है। शोरूम मालिक ने बताया कि चोर शोरूम की चौथी मंजिल से छत का ताला तोड़कर नीचे आए थे। इसके बाद स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार काटकर शॉप में दाखिल हुए।

### चोरों ने दीवार में 1.5 फुट की सेंध लगाई

दक्षिण-पूर्व दिल्ली के डीसीपी राजेश देव ने बताया कि दुकान में बेसमेंट के लिए जो रास्ता जाता है, उसमें करीब 1.5 फुट की सेंध लगाई गई है। अभी तक लॉकर नहीं खोला गया है। उसे खोलने के बाद ही चोरी हुए सामान की कीमत का सही आकलन होगा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक चोरी की इतनी बड़ी घटना को प्लानिंग के तहत अंजाम दिया गया। इसके लिए आरोपियों ने पूरा खाका तैयार किया। अपराधियों को दुकान और गहनों के बारे में पहले से जानकारी थी। उन्हें स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचने के रास्ते से लेकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में भी पता था। इससे ऐसा लग रहा है कि अपराधी वारदात को अंजाम देने से पहले भी वहां आए थे। फिलहाल पुलिस शोरूम में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। क्राइम ब्रांच के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर जांच कर रही है।

## शिवराज ने लिया बाढ़ वाले गणेश जी का आशीर्वाद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा में बाढ़ वाले भगवान श्री गणेश जी के मंदिर में पूजा-अर्चना और हवन कर प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया। चौहान ने नव-निर्मित यज्ञ शाला का पूजन करने के साथ ही मंदिर के शिखर एवं यज्ञशाला के शिखर पर कलश और ध्वज की स्थापना भी की। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में कन्याओं का पूजन करने के साथ ही भगवान श्री गणेश की आरती की।



## शार्ट न्यूज

### सहकारी बैंकों में भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के मामले हाईकोर्ट ने तलब की रिपोर्ट

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों में चतुर्थ श्रेणी के पदों की भर्ती में अनियमितता को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रदेश सरकार को दो दिन के भीतर जाँच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी। इस मामले को हरिद्वार निवासी प्रियांशु त्यागी की ओर से जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वर्ष 2020 में प्रदेश के सहकारी बैंकों में चतुर्थ श्रेणी के 423 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गयी। आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं हैं। अधिकारियों व सफेदपोश नेताओं के रिश्तेदारों का चयन किया गया और कई अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर भर्ती की गयी है। इसकी शिकायत ज्वालापुर हरिद्वार के विधायक सुरेश राठौर द्वारा मुख्यमंत्री से की गई परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। समाचार पत्रों में अनियमितता संबंधी खबर छपने के बाद मुख्य सचिव के निर्देश पर सचिव सहकारिता ने हरिद्वार में चल रही भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी। नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून व पिथौरागढ़ में इसके बावजूद भर्ती जारी है।

### अदालत ने दी अवैध पोस्त सहित पकड़े गए दो व्यक्तियों को पांच-पांच वर्ष की कैद

श्रीगंगानगर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में नोहर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार की अदालत ने अवैध रूप से पोस्त ले जाते पकड़े गए पंजाब के लुधियाना जिले के दो व्यक्तियों को आज पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र कुमार जैन ने प्रकरण के तथ्यों की जानकारी देते बताया कि रावतसर थाना के तत्कालीन प्रभारी ने 28 फरवरी 2016 को रावतसर-पल्लू मार्ग पर पदम विहार कॉलोनी के समीप एक इनोवा गाड़ी को रोक कर चेक किया। गाड़ी में दो व्यक्ति गुरप्रीत सिंह निवासी केले और बलजीत सिंह निवासी अब्बूवाला थाना सुदार जिला लुधियाना (पंजाब) सवार थे। इनोवा गाड़ी में प्लास्टिक का एक कट्टा मिला, जिसमें 7 किलो पोस्त था। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने अनुसंधान में गाड़ी के मालिक निर्मलसिंह निवासी गांव धन्ना शहीद तहसील जीरा, जिला फिरोजपुर (पंजाब) को भी आरोपी माना। तीनों के खिलाफ अदालत में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत चालान पेश किया गया।

### अजमेर में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बैंच का शुभारंभ

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में आज से राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बैंच का विधिवत शुभारंभ हो गया। खास बात ये रही कि पहले ही दिन छः प्रकरणों की भी सुनवाई की गई। राज्य आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश देवेन्द्र कछावा, सदस्य रामफूल गुर्जर तथा जिला कलक्टर डा. भारती दीक्षित ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बैंच कार्यालय एवं न्यायालय का शुभारंभ किया। उपभोक्ता आयोग के न्यायाधीश कछावा ने बताया कि अजमेर में सर्किट बैंच खुल जाने से अजमेर संभाग से जुड़ी उपभोक्ता विवादों की अपील की सुनवाई अजमेर में ही हो सकेगी। साथ ही 50 लाख से ज्यादा राशि के विवाद भी सीधे अजमेर में पंजीकृत कराये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि बैंच के स्थाई भवन के लिए जिला कलक्टर से बात की है, जनता की सुविधा के लिए यहां बन रहे विशाल न्यायालय भवन में ही उपभोक्ता आयोग सर्किट बैंच के लिए भी प्रावधान करने के लिए कहा गया है।

### झालावाड़ जिले में नायब तहसीलदार आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने झालावाड़ जिले में कार्यालय उपखंड असनावर एवं नायब तहसीलदार रमेश चंद चंदेल को एक मामले में आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए मंगलवार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि परिवादी ने एसीबी की झालावाड़ इकाई को शिकायत की कि मिट्टी की खुदाई में लगे जेसीबी एवं ट्रेक्टकर के विरुद्ध कार्यवाही धमकी देकर और खुदाई कार्य के दौरान बनाये गये वीडियो को डिलीट करने की एवज में नायब तहसीलदार 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। इस पर ब्यूरो टीम ने सत्यापन के बाद श्री चंदेल को परिवादी से आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के पुलिस उपमहानिरीक्षक कल्याणमल मीणा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है।

### नेपाली शराब एवं मोटर साइकल किया जब्त

सुपौल। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा से लगे सीमा स्तम्भ संख्या 229/1 से भारी मात्रा में नेपाली शराब एवं मोटर साइकल जब्त किया है। 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा ने आज यहां बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 229/1 के निकट के क्षेत्र से भारी मात्रा में नेपाली शराब की खेप नेपाल से भारत आने वाली है । सूचना की विश्वसनीयता देखते हुए उत्पाद विभाग झंझारपुर को संयुक्त नाका लगाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद एक नाका दल गठित किया गया जो चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ । शर्मा ने बताया कि निर्धारित स्थान पर नाका दल सतर्कता के साथ ड्यूटी करने लगा। कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि देर रात एक व्यक्ति मोटरसाइकल से नेपाल प्रभाग से भारत प्रभाग की तरफ आ रहा है जैसे ही नाका दल ने उसे घेरने की कोशिश की उक्त व्यक्ति मोटरसाइकल छोडकर नेपाल की तरफ भागा नाका दल द्वारा उसका पीछा किया गया लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर वह व्यक्ति नेपाल प्रभाग में प्रवेश कर गया ।

### एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर कार्यशाला

रांची। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में हिंदी पखवाड़ा समारोह अंतर्गत आज हिंदी भाषा की दक्षता बढ़ाने के लिए राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी डिजिटल टोल के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। राजभाषा नीति के हिस्से के रूप में हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारी रोजमर्रा के आधिकारिक कामकाज में हिंदी का उपयोग करते हैं, लेकिन अक्सर विभिन्न सीमाओं जैसे हिंदी टाइपिंग, हिंदी का कामकाजी ज्ञान, विशेष रूप से वाक्य निर्माण और व्याकरण संबंधी त्रुटियों के कारण इसे प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो जाता है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए, हिंदी डिजिटल टूल के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसे एल एन प्रधान, उप महाप्रबंधक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी) द्वारा प्रस्तुत किया गया।सत्र के दौरान, ऑनलाइन मोड पर उपलब्ध विभिन्न हिंदी उपकरण जैसे हिंदी टाइपिंग, हिंदी डिक्टेशन, हिंदी अनुवाद, हिंदी शब्दकोश का उपयोग आदि को रोजमर्रा के काम में व्यावहारिक उपयोग के लिए प्रस्तुत किया गया।

### रेलवे स्टेशन पर वेंडरों ने की हडताल

भरतपुर। राजस्थान के धौलपुर में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए रेलवे स्टेशन पर ठेके के तहत अपनी दुकान लगाने बाले वेंडरों द्वारा हड़ताल कर देने की जानकारी प्राप्त हुई है। हड़ताली वेंडरों का आरोप है कि आरपीएफ और जीआरपी के कार्मिक स्टेशन के बाहर से अवैध रूप से ट्रेनों में सामान बेच रहे लोगों को बढ़ावा देने के साथ रेलवे प्रशासन को शुल्क जमा कराने बाले वेंडरो से नाजायज तरीके से कथित अवैध वसूली भी कर रहे है। हड़ताल पर गए वेंडरो का कहना है कि स्टेशन के अंदर अवैध रूप से सामान बेच रहे लोगो को आरपीएफ और जीआरपी का सपोर्ट मिला हुआ है। जिस वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्लेटफार्म पर दुकान बंद करने के बाद ठेका चला रहे वेंडरों ने आरपीएफ और जीआरपी के उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग भी की है।

# पिटाई का दावा करने वाला केरल का सैनिक गिरफ्तार

**गलत बयान देने का आरोप, दोस्त बोला- वह फेमस होना चाहता था, खुद रची साजिश**

**कोल्लम (केरल)।** केरल पुलिस ने कोल्लम जिले में सेना के जवान और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। जवान ने आरोप लगाया था कि रविवार रात उस पर छह लोगों ने हमला किया और उसकी पीठ पर पीएफआई लिख दिया। पुलिस का कहना है कि ये सभी आरोप फर्जी हैं। खुद को पीड़ित बताने वाले जवान ने ही सारी वारदता रची। पुलिस ने सेना के जवान और उसके दोस्त को झूठा बयान देने के आरोप में हिरासत में लिया है।

जिले के एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा कि जवान शाइन कुमार और उसके दोस्त के बयान दर्ज किए गए हैं।

जवान के दोस्त ने दावा किया है कि शाइन कुमार मशहूर होना चाहता था। इसीलिए उसी ने यह वारदात प्लान की।

जवान ने गलत बयान देने के कई कारण बताए। पुलिस ने दोस्त के घर से घटना में इस्तेमाल किया गया हरा पेंट,



ब्रश और टेप भी बरामद कर लिया।

### दोस्त का दावा- मुझसे पीठ पर पीएफआई लिखवाया

दोस्त ने दावा किया कि शाइन ने उससे उसकी पीठ पर पीएफआई लिखने और उसे पीटने के लिए कहा था। मैं नशे में था, इसलिए मैंने शुरू में डीएफआई लिखा, लेकिन शाइन ने कहा कि पीएफआई लिखो। इसलिए मैंने इसे पीएफआई बना दिया। फिर उसने मुझसे उसे पीटने के लिए कहा, लेकिन मैंने कहा कि मैं ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि मैं नशे में हूं।

फिर उसने मुझे कहा कि मैं उसे जमीन पर पटक दूं। लेकिन मैं नशे की हालत में ऐसा नहीं कर सका। तब शाइन बोला कि मैं उनके मुंह और हाथों पर टेप लगा दूं और वहां से चला जाऊं। मैंने ऐसा ही किया।

### जवान ने पिटाई की बात कही थी

शाइन ने सोमवार को दावा किया था कि उसे उसके घर के पास छह लोगों ने पीटा। पिटाई करने वालों ने पीठ पर हरे रंग से पीएफआई लिख दिया।

घटना कडक्कल में रविवार रात उसके घर के पास तब हुई जब सैनिक अपनी बाइक पर घर लौट रहा था।

मिलिट्री इंटेलिजेंस के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हमले की जांच की। शाइन भारतीय सेना की इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर में तैनात है। उनकी पोस्टिंग अभी राजस्थान के जैसलमेर में है। घटना उसकी छुट्टी के आखिरी दिन होना बताई गई।

## प्रतिबंधित खैर की लकड़ी के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के लालकुआं में पुलिस ने प्रतिबंधित खैर की लकड़ी के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा के अनुसार लालकुआं की हल्दूचौड़ चौकी पुलिस की ओर से सोमवार रात को प्रभारी सोमेन्द्र सिंह की अगुवाई में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने खैर की लकड़ी के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से खैर के चार गिल्टे भी बरामद हुए। आरोपियों में गगन बिष्ट निवासी ग्राम तेजपुर नेगी, मोटा हल्दू, लालकुआं, सतनाम और बलविंदर सिंह निवासीगण ग्राम तोता बेरिया, केलाखेड़ा, ऊधमसिंह नगर हैं। आरोपी तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के जगंल से लकड़ी की तस्करी कर रहे थे। आरोपियों को तत्काल वन विभाग के अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है।

## खाई में दुर्घटनाग्रस्त वाहन से चौबीस घंटे बाद दो शव बरामद

**देहरादून।** उत्तराखंड के जनपद टिहरी में सोमवार को एक अनियंत्रित वाहन के गहरी खाई में गिरने के बाद मंगलवार को कड़ी मशक्कत से राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने वाहन सवार दो युवकों के शव बरामद कर लिए।

एसडीआरएफ प्रवक्ता ललिता दास नेगी ने आज बताया कि सोमवार 25 सितंबर को पुलिस चौकी नैनबाग (टिहरी) द्वारा एसडीआरएफ टीम को मरोड़ बैंड के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 600 मीटर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त होने और रेस्क्यू टीम की आवश्यकता की सूचना मिली। उक्त सूचना प्राप्त होने पर एक टीम मुख्य आरक्षी प्रदीप पंवार के नेतृत्व में तत्काल घटनास्थल गई। जहां पहुँचकर ज्ञात हुआ कि उक्त वाहन में दो लोग सवार थे।

जिनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी। उन्होंने बताया कि अत्यधिक रात्रि व दुर्गम मार्ग होने के कारण रात्रि में शवों को निकालना संभव नही हो पाया।

श्रीमती नेगी ने बताया कि आज पुन: एसडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल




पर पहुँचकर, रोप द्वारा खाई में उतरकर उक्त वाहन तक पहुँच बनायी व दोनों शवो को रोप व स्ट्रेचर के माध्यम से खाई से बाहर निकालकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन किआ सोनेट संख्या यूके 08एवाई 1973 बड़कोट (उत्तरकाशी)से देहरादून की ओर आ रहा था व मरोड़ बैंड के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में वाहन सवार विजय वालिया, उम्र लगभग 53 वर्ष, निवासी ग्राम सेवला कलां, पटेल नगर,देहरादून और पवन कुमार, उम्र 67 वर्ष, निवासी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार दोनों की मृत्यु हो चुकी है।

## गगनयान मिशन के लिए क्रायो अपर स्टेज इंजन हॉट टेस्ट सफल

चेन्नई। गगनयान मिशन कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित करते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने उच्च स्तर के 22-टन थ्रस्ट क्वालिफिकेशन और सीई20 ई13 इंजन हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक आयोजित किया है।

इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण घटक इंजन के साथ क्रायोजेनिक अपर स्टेज (सीयूएस) अब गगनयान मिशन और भविष्य के प्रयासों की मांग की आवश्यकताओं के लिए तैयार है।

इसरो ने मंगलवार को कहा कि लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी), वलियामाला द्वारा विकसित इंजन का परीक्षण 22 सितंबर को इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी), महेंद्रगिरि में किया गया था।

सीई20 इंजन एक महत्वपूर्ण घटक है, जो एलएमवी-3 वाहन के ऊपरी चरण (सी-25) को चलाने के लिए जिम्मेदार क्रायोजेनिक अपर स्टेज (सीयूएस) के पावरहाउस के रूप में कार्य करता है।

इसने चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और दो वाणिज्यिक वनवेब मिशन सहित लगातार छह एलवीएम3 मिशनों में 19 टन के थ्रस्ट स्तर पर सफलतापूर्वक संचालन करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

## ओडिशा विस में दूसरे दिन भी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**भुवनेश्वर।** सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही ठप कर दी तथा हंगामे के कारण अध्यक्ष प्रमिला मलिक को बिना कोई कामकाज किए सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

अध्यक्ष ने सबसे पहले सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की। बाद में गतिरोध को दूर करने के लिए सर्वदलीय बैठक पर सहमति जताई।

इसके पश्चात सदन की कार्यवाही 1205 बजे तक और फिर 1207 बजे



से चार बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इस बीच सदन में हंगामा जारी रहा और भाजपा तथा बीजद सदस्य अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते रहे।

सदस्यों के हंगामे के चलते व विरोध के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो सका। प्राथमिक शिक्षा पर स्थगन प्रस्ताव के रूप में बहस के लिए विपक्षी कांग्रेस द्वारा दिया गया नोटिस भी स्वीकार नहीं किया जा सका। आज जैसे ही सुबह साढ़े दस बजे प्रश्नकाल शुरू करने के लिए सदन की कार्यवाही शुरू हुई, काले बिल्ले पहने भाजपा सदस्य सदन के बीचोंबीच आ गए और अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गए तथा नारेबाजी करते हुए कार्यवाही बाधित कर दी।

भाजपा सदस्यों ने मंगलवार को पूछे गए उनके प्रश्नों को बिना कोई कारण बताए खारिज किए जाने पर विरोध जताया। सोमवार को भी भाजपा सदस्यों ने अपने सवाल खारिज किये जाने के खिलाफ सदन में प्रदर्शन और हंगामा किया।

विपक्षी भाजपा का मुकाबला करने के लिए बीजद सदस्यों ने अपनी सीटों पर खड़े होकर धान के एमएसपी को 2,930 रुपये प्रति क्विंटल तक नहीं बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की और राज्य के प्रति केंद्रीय लापरवाही का आरोप लगाया। जैसे ही विपक्षी भाजपा के सदस्यों और सत्ता पक्ष के विरोध तथा प्रतिवाद के बीच सदन अराजक स्थिति में आ गया, अध्यक्ष ने 1031 बजे से 1200 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

इसके बाद अध्यक्ष ने मुद्दे को सुलझाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई और पांच मिनट के लिए सदन की कार्यवाही शुरू की। सर्वदलीय बैठक बेनतीजा रही और स्थगन के बाद जैसे ही सदन दोबारा शुरू हुआ भाजपा सदस्य फिर से वेल में आ गए और अपना हंगामा जारी रखा।

## रूड़की के लंढौरा ओवर ब्रिज के लिये जल्द बजट जारी करे सरकार

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रूड़की के लंढौरा में रेलवे ओवर ब्रिज के मामले में प्रदेश सरकार को अविलंब कार्यवाही करने और बजट जारी करने के निर्देश दिये हैं।

साथ ही आदेश का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में सचिव लोक निर्माण और मुख्य अभियंता को आगामी 18 अक्टूबर को वर्चुअली अदालत में पेश होने के निर्देश भी दिये हैं। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में लंढौरा निवासी सुभाष



चंद्र की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई जिसमें यह आदेश दिया गया। उत्तर रेलवे के मंडलीय महाप्रबंधक अदालत में वर्चुअली पेश हुए और उन्होंने कहा कि ओवर ब्रिज का निर्माण प्रदेश सरकार की ओर से किया जाना है। रेलवे की ओर से ब्रिज निर्माण के लिये प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया है। लोक निर्माण विभाग के पास प्रस्ताव है।

रेलवे की साफगोई के बाद सरकार कोई जवाब नहीं दे पायी। इसके बाद अदालत ने प्रदेश सरकार को जल्द कार्यवाही करने के साथ ही बजट जारी करने के निर्देश दिये। इस मामले में अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से इसी साल दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा गया कि न्यायालय ने सात सितंबर, 2018 को एक आदेश जारी कर रेलवे को रूड़की-लक्सर रेलवे लाइन पर लंढौरा में नया ओवर ब्रिज बनाने के निर्देश दिये थे। पांच साल बीतने के बावजूद इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई।

रेलवे की ओर से पुराने ओवर ब्रिज को बंद कर दिया गया है। इससे लंढौरा के सात गांवों के लोगों की मुसीबतें बढ़ गयी हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं एवं किसान अपनी फसल को मंडी तक नहीं ला पा रहे हैं।

## देश का सुरक्षा चक्र हैं हमारे जवान: शुक्ल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपने तीन दिवसीय किन्नौर प्रवास के दौरान मंगलवार को 13000 फीट से अधिक ऊंचाई पर शिपकी-ला स्थित सेना की चौकी और भारत तिब्बत सीमा बल की चौकी का दौरा किया। राज्यपाल का शिपकी-ला का यह पहला दौरा था। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ थीं। सेना के अधिकारियों ने राज्यपाल को सीमा से सम्बंधित व्यवस्था से अवगत करवाया। राज्यपाल ने कहा कि वह यहां तैनात जवानों के उत्साह से प्रभावित हुए हैं। यहां जवान कठिन परिस्थितियों में देश की सुरक्षा में समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के हर कोने से जवान यहां तैनात हैं, जिनका एक ही धर्म है देश की सुरक्षा। इन वीर सैनिकों के कारण ही हम सुरक्षित हैं। उन्होंने इन्हें देश का 'सुरक्षा चक्र' कहा और प्रसन्नता व्यक्त की कि उन्हें इन जवानों के साथ समय व्यतीत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, कमांडर ब्रिगेडियर आर.पी.सिंह, उपायुक्त तोरूल एस.रवीश, आई.टी.बी.पी. के ए.सी.जी.डी विनोद कुमार भारती तथा अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## स्वर्ण मंदिर हमारी आस्था और समर्पण का प्रतीक: सुक्खू

शिमला/अमृतसर। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को अमृतसर में ऐतिहासिक एवं विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर में शीश नवाया और सभी के सुखमय जीवन, अच्छे स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य की प्रार्थना की। स्वर्ण मंदिर समूचे विश्व में हरमंदिर साहिब तथा श्री दरबार साहिब के नाम से विख्यात है और यहां देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु शीश नवाने पहुंचते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्ण मंदिर हमारी आस्था और समर्पण का प्रतीक है तथा यहां मनुष्य को कर्म की प्रधानता और भारतीय संस्कृति की विशालता का बोध होता है। उन्होंने कहा कि गुरुओं की शिक्षाओं की प्रासंगिकता आज पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि हम सभी गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलकर जीवन के वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से मुख्यमंत्री का हरमंदिर साहब में स्वागत किया गया और उन्हें स्वर्ण मंदिर के इतिहास की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## अनुराग ठाकुर ने नौवें रोजगार मेला में वितरित किए नियुक्ति पत्र

शिमला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को यहां गेयटी थिएटर में आयोजित नौवें रोजगार मेला के अवसर पर 110 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सरकारी विभागों के नियुक्ति पत्र वितरित किए।

ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार मेला को सर्वोच्च प्राथमिकता देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी और सर्वस्पर्शी सोच का निर्णय है और इससे युवा वर्ग को सकारात्मक दिशा प्रदान होगी तथा वह आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज का रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया जिसमें 51 हजार



युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। उन्होंने कहा कि इसी के तहत देवभूमि हिमाचल 708 चयनित युवाओं में से 110 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने का सौभाग्य उन्हें मिला। उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कोविड काल के बाद विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था में आंका गया है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियां की दिशा में भारत का नेतृत्व कारगर कदम उठा रहा है। यह मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

उन्होंने बताया कि युवा वर्ग को सूचना प्रौद्योगिकी की ओर आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा अंतरिक्ष सेक्टर में स्टार्टअप योजना को आमंत्रित किया है और इस दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने नव नियुक्त अभ्यर्थियों को सेवा भाव से कार्य करने का संदेश दिया ताकि वह राष्ट्रीय निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दे सकें।

## नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्त को 40 से बढ़ाकर 60 से 70 प्रतिशत किया जाने की जरूरत : कटारिया

जयपुर। राजस्थान के कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा है कि सहकारी बैंकों और ग्राम सेवा सहकारी समितियों के आर्थिक सुदृढीकरण के लिए अल्पकालीन फसली ऋण वितरण की एवज में

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा पुनर्वित्त को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 से 70 प्रतिशत किये जाने की आवश्यकता है।

कटारिया मंगलवार को जयपुर में देश के राज्य सहकारी बैंकों के शीर्ष संगठन नेशनल फैडरेशन ऑफ स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक्स लिमिटेड (नेफस्कोब) की कांफ्रेंस में देशभर के राज्य सहकारी बैंकों के प्रतिनिधियों



(चेयरमैन एवं एमडी) को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाकर कृषि तथा ग्रामीण विकास के लिए काम कर रही है ।

उन्होंने राज्य सरकार की कृषि एवं सहकारिता को आगे बढाने वाली नीतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को एक लाख 50 हजार रुपये का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि किसानों एवं सहकारी संस्थाओं के लिए कई नवाचार आरम्भ किये हैं। पैक्स की आय बढाने के लिए बड़ी संख्या में कस्टम हायरिंग सेंटर स्वीकृत किये जा रहे हैं। सोसाइटियों में गोदाम निर्माण के लिए शत-प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को राज्य की पलसाना, निमोद जैसी सोसाइटियों का विजिट करने का आग्रह किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति, पत्नी एवं पुत्री की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर के टपूकड़ा पुलिस थाना अंतर्गत नौगांव गांव के समीप एक चौपइयां वाहन की टक्कर से बाइक पर सवार दंपति सहित उसकी बेटी की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि कल शाम को मुसारी निवासी 50 वर्षीय ज्ञान सिंह, उसकी पत्नी गीता कोर और 20 वर्षीय बेटी सुनीता कपास की मजदूरी कर कर अपने गांव मूसारी जा रहे थे। टपूकड़ा नौगांव के पास जैसे इन्होने अपनी बाइक को साइड लेने के लिए कट किया पीछे से आते हुए चौपइयां वाहन ने टक्कर मार दी। जिसकी ज्ञान सिंह और गीता और सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गए।

## झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाते ही बुजुर्ग की मौत

श्रीगंगानगर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में सदर थाना क्षेत्र के गांव बहलोलनगर में एक झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाते ही बुजुर्ग की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि मृतक बुजुर्ग रायसिंह को खांसी-जुकाम होने के कारण परिवार वाले सोमवार शाम को गांव में ही तथाकथित आरएमपी झोलाछाप डॉक्टर मुकेश के पास दवा दिलाने के लिए ले गए थे। रायसिंह के पुत्र सुरेश मेघवाल ने आरोप लगाया है कि मुकेश ने उसके पिता की ठीक से जांच किए बिना ही कोई इंजेक्शन लगा दिया। उसने जिस दवा का इंजेक्शन लगाया, वह उसके पिता के रिएक्शन कर गई।

इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही उसके पिता की तबीयत बिगड़ गई और वही मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर जांच-पड़ताल की गई। शव को मौके की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए हनुमानगढ़ टाउन सिविल अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया गया। पुत्र सुरेश मेघवाल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर तथाकथित डॉक्टर मुकेश के खिलाफ धारा 304 तथा अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

नई दिल्ली
बुधवार 27 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### 10 महीने से रोड पूरी न होने पर किया प्रदर्शन

मोदीनगर। मोदीनगर नगर की कृष्णा कुंज कॉलोनी के लोगों ने घटिया निर्माण सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि दस माह से निर्माण कार्य चल रहा है और शिकायत करने पर ठेकेदार अभद्र व्यवहार करता है। कॉलोनी के दर्जनों लोग एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उनका कहना है कि कृष्णाकुंज कॉलोनी में गली नम्बर 8 व 9 में23 नवंबर 2022 से इंटरलाकिग टाइल्स लगाने का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार की काम की शिथिलता के चलते नौ माह बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा रोड़ी के स्थान पर मिट्टी डाल रहा है। मिट्टी डालने के कारण कॉलोनी में कीचड़ हो गया है। कीचड़ होने से आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आठ माह से कॉलोनी के लोग को काफी परेशानी हो रही है। जब इसकी शिकायत ठेकेदार से की जाती है तो वह अभद्र व्यवहार व गाली गलौज करता है। कॉलोनी के लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द इंटरलॉकिग टाइल्स लगवाने की मांग की। उपजिलाधिकाीरी संतोष राय ने अधिशासी अधिकारी से मामले को गंभीरता से लेने को कहा।

### अधिवक्ता पर चलती कार में चलाई गोली

मोदीनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव काजमपुर गेट से आगे सुबह तीन बजे के आसपास चतली कार सवार मीडियाकर्मी व अधिवक्ता पर पिस्टल से फायरिंग करने का मामला सामने आया है। गनीमत यह रही है कि गोली किसी को नहीं लगी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को तलाश शुरू कर दी है। गाजियबाद के नंद्रग्राम थानाक्षेत्र की कौशल विहार कॉलोनी निवासी पंकज शर्मा मीडिया कर्मी है। वह अपने अधिवक्ता दोस्त ऑकुश राणा निवासी बागपत के साथ अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए मेरठ गए थे। सुबह वह साढ़े तीन बजे के आसपास वह कार से मेरठ से वापस गाजियाबाद आ रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदीनगर थानाक्षेत्र में काजमपुर गेट के पास पहुंचे तो कार रोक दी। इसी बीच दोनों टायलेट करने लगे। उनका आरोप है कि इसी बीच एक कार आकर रुकी और शराब के ठेके का गेट पीटकर खुलवा लिया। इसके बाद उन्होने ठेके से शराब ली और हमे गाली गलौच करने लगे। गाली देते ही दोनों कार में बैठकर गाजियाबाद की और चल दिए। इसी बीच कार युवक पीछे से आए और बराबर में कार लगाकर पिस्टल से फायरिंग कर दी। फायरिंग होते ही पंकज शर्मा व ऑकुश राणा नीचे झुक गए। जिस कारण गोली आरपार निकल गई। इसके बाद पीड़ित ने अपनी कार को मुरादनगर थाने में ले गया और पुलिस को सूचना दी।

### अगवा कर दोस्त की हत्या, परिवार से मांगी फिरौती, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। करावल नगर में रुपयों की तंगी और कर्जा चुकाने के लिए दो युवकों ने दोस्त नितिन (22) को अगवा कर चाकू से गोद दिया। इसके बाद शव को गाजियाबाद स्थित बेहटा–हाजीपुर रेलवे लाइन के नजदीक झाड़ियों में ठिकाने लगा दिया। अगले दिन परिवार से दो लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। पुलिस में शिकायत की गई तो भेद खुल गया। पुलिस ने हत्या के आरोप में मुख्य आरोपी गांव ब्राह्मणपुट्टी, बागपत निवासी सचिन कुमार (24) को गंगा नगर, राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे आरोपी अरुण की तलाश में कई टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस ने सोमवार को सचिन की निशानदेही पर नितिन का शव बरामद कर लिया। मंगलवार को जीटीबी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद नितिन का शव परिवार के हवाले कर दिया गया। पुलिस आरोपी सचिन से पूछताछ कर वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद करने का प्रयास कर रही है। नितिन की बहन ने हत्याकांड में तीन युवकों के शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक नितिन परिवार के साथ कर्दम फॉर्म, जौहरीपुर, करावल नगर में रहता था। परिवार में बहन गीता चौधरी व अन्य सदस्य हैं। नितिन शाहदरा स्थित कपड़े की दुकान पर काम करता था। 19 सितंबर को उसकी छुट्टी थी। शाम करीब 6ः30 बजे तीन लड़के उसे घर से बुलाकर ले गए। रातभर जब नितिन घर नहीं पहुंचा तो बहन गीता उसे कॉल करती रही। व्हाट्सएप पर मैसेज भी किया, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला।

### डीयू के एनसीवेब की दूसरी स्पेशल कट ऑफ जारी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने नॉन कॉलिजिऐट वूमेन एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) में सीटें खाली रहने के बाद अब दूसरी स्पेशल कट ऑफ जारी की हैं। इससे पहले एनसीवेब पांच कट ऑफ व एक स्पेशल कट ऑफ जारी कर चुका है। इस दूसरी स्पेशल कट ऑफ में बीकॉम व बीए प्रोग्राम कॉम्बिनेशन की इस सूची में बीए प्रोग्राम से ज्यादा बीकॉम में दाखिले की संभावना है। स्पेशल कट ऑफ में एनसीवेब के 26 कॉलेज सेंटरों में से अधिकतर कॉलेज सेंटरों में बीकॉम प्रोग्राम में सामान्य श्रेणी का दाखिला 40 से 54 फीसदी पर हो जाएगा। इस कट ऑफ के आधार पर 27 व 28 सितंबर को दाखिला लिया जा सकेगा। दूसरी स्पेशल कट ऑफ में आठ कॉलेज सेंटरों पर सामान्य श्रेणी के दाखिले बंद हो गए हैं जबकि मिरांडा हाउस कॉलेज में 81 फीसदी दाखिला हो जाएगा। इस कट ऑफ में केवल उन्हीं छात्राओं को दाखिला मिलेगा जो किसी कारणवश पहली, दूसरी व तीसरी, चौथी, पांचवीं व एक स्पेशल कट ऑफ में दाखिला नहीं ले सकी। हंसराज कॉलेज में इस कोर्स में सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए दाखिले बंद हो गए हैं, जबकि ओबीसी, एसी, एसटी, ईडब्लयूएस व पीडब्लयूडी श्रेणी के छात्रों का दाखिला 70 फीसदी पर हो जाएगा।

# एमसीडी सदन में रमेश बिधूड़ी के खिलाफ आप का निंदा प्रस्ताव

### भाजपा के पार्षदों ने किया विरोध



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद मोहिनी जीनवाल ने सदन में सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा पूर्व में दिये गये एक विवादित बयान को लेकर निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इससे पहले महापौर डॉक्टर शैली ओबरॉय ने सदन कार्यवाही शुरू की। इसके बाद नेता सदन मुकेश गोयल ने सदन में आप की पार्षद मोहिनी जीनवाल को निंदा प्रस्ताव पेश करने के लिए कहा। जिसके बाद भाजपा के पार्षदों ने इसका विरोध किया और सदन में हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान आप और भाजपा के पार्षदों ने एक दूसरे के नेताओं पर निशाना साधा और उनके खिलाफ नारेबाजी की।

महापौर पर भाजपा ने लगए सदन को न चलाने के आरोप

सदन में हंगामे के बाद मेयर ने कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। जिसके बाद भाजपा की द्वारका से पार्षद कमलजीत सहरावत ने मेयर पर आरोप लगाते हुए माइक पर कहा की उन्हें सदन चलाना नहीं आता है। वह मुद्दों से बचकर जा रही हैं।

निगम की बैठक को 2 बजे से 2.30 बजे करने पर आपत्ति जताई। साथ ही कमलजीत ने कहा कि निंदा प्रस्ताव के बारे में विपक्ष को पहले क्यों सूचना नहीं दी गई?

#### हमें अपना भत्ता नहीं, क्षेत्र का फंड चाहिए

वहीं, कांग्रेस के पार्षदों ने हाथ में हमें अपना भत्ता नहीं, क्षेत्र का फंड चाहिए के बैनर लेते हुए सदन पर प्रदर्शन किया।

इससे पहले हुई सदन की बैठक में पार्षदों का भत्ता 300 रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपए किया गया था।

### नोएडा में 12वीं की छात्रा ने किया सुसाइड

नोएडा। नोएडा में 12वीं की एक स्टूडेंट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हालांकि पुलिस को छात्रा के कमरे के कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के क्क्रह्र पंकज सिंह ने बताया कि सोमवार रात को स्टूडेंट के सुसाइड को सूचना मिली। स्टूडेंट की पहचान सोनी (17) के रूप में हुई है। जनक प्राइवेट नौकरी करते है। उन्होंने बताया कि सोनी रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में चली गई थी। उसके बाद उसने कमरे के कुंडे में चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो सोनी की लाश लटक रही थी। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं कमरे से भी ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे सुसाइड की वजह का पता चल सके। ऐसे में पुलिस परिजनों और छात्रा की सहेलियों से पूछताछ कर सकती है।

### दिल्ली सरकार बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जारी करेगी गाइडलाइन्स



नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और पीड़ितों को अनुग्रह राशि देने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगी। दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा, यह गाइडलाइन्स राज्य के अधिकारियों और बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं, करंट लगने की घटनाओं को रोकने के लिए ज़रूरी कदम उठाने में मददगार साबित होगा। इन घटनाओं की रोकथाम के निवारक उपायों में नियमित निरीक्षण और अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों को हटाना शामिल है, जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं।

आतिशी ने इस बात पर जोर दिया कि बिजली का झटका लगने या श्रमिकों के घायल होने की हर घटना का परिवारों पर गहरा प्रभाव पड़ता है और केजरीवाल सरकार उनके कठिन समय में उनके साथ देने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली मंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों की सुरक्षा और बेहतरी सुनिश्चित करने की दिशा में, दिल्ली विद्युत नियामक आयोग सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए काम करेगा। हाल के दिनों में दिल्ली में करंट लगने की घटनाओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए केजरीवाल सरकार ने ये फ़ैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण निर्णय 2021 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा जारी आदेशों का पालन करता है, और दिल्ली के लोगों के सुरक्षा के लिए बिजली विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# दिनदहाड़े महिला की गोली मारकर की हत्या

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में बाइक सवार 2 बदमाशों ने महिला की गोलियां मारकर हत्या कर दी। गोली लगते ही महिला लहूलुहान होकर गिर गई।

लोगों ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान कई थानों की फोर्स समेत मौके पर पहुंचे।

महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। वारदात आज सुबह करीब 8:30 बजे की है। दादरी थाना क्षेत्र के सरस्वती विहार में रहने वाली राजकुमारी (40) मेड का काम करती हैं। राजकुमारी आज सुबह अपने घर से सूरजपुर जा रही थीं, तभी घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर पहले से रेकी कर रहे बाइक सवार 2 बदमाशों ने राजकुमारी को ताबड़तोड़ 3 गोलियां मारीं।

दो गालियां सीने और एक पेट में लगी। गोली लगते ही राजकुमारी लहूनहान होकर सड़क पर गिर गईं। गोलियों की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बदमाशों को पकड़ना चाहा लेकिन वे तेजी से बाइक भगाते हुए फरार हो गए।

# पीड़ित महिला सफाई कर्मचारी सुनीता को जल्द मिलेगा न्याय

### इसी माह कुछ दिनों पहले सुनीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी

**नई दिल्ली।** स्मरण रहे कि सुनीता नामक सफाई कर्मचारी जो दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मचारी पद पर करोल बाग ज़ोन में कार्यरत थी , जब कर्मचारी का नियमतिकरण करने का नम्बर आया तो महिला को वंचित किया गया जबकि उक्त महिला को विभाग की तरफ से ऑफर लेटर और मेडिकल भी हो चुका है। कुछ अधिकारियों ने महिला को बताया कि चूंकि वह पहले टर्मिनेट हो चुकी है लिहाजा उन्हें नियमित नही किया जाएगा और पिछले कई महीने से सुनीता को ड्यूटी पर भी नही लिया जा रहा था इस कारण अवसाद के चलते सुनीता ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की थी लेकिन पड़ोसियों ने सही समय पर उसे बचा लिया था।

इस मामले का संज्ञान लेकर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उपायुक्त करोल बाग जोन को इस मामले में कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया था जिस बाबत आज करोल बाग ज़ोन में इस मसले पर गम्भीर मीटिंग हुई।

दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि आज मीटिंग में उपायुक्त ने बताया कि इस प्रकरण में शामिल शामिल मोनू नाम के एक सफाई कर्मचारी यूनियन नेता को निलंबित कर दिया है एवं लेखा विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है जिसकी सम्पूर्ण जांच विधिवत रूप से करवाई जा रही है। मीटिंग में उपायुक्त कुमार अभिषेक ने बताया कि इस मामले में जो भी दोषी है उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

आयोग के चेयरमैन ने उपायुक्त से कहा कि जब तक जांच होती है तब तक सुनीता को ड्यूटी पर लिया जाये–इस मामले में उपायुक्त ने कहा कि इस पर विचार करके पूरी रिपोर्ट मुख्यालय प्रेषित की जाएगी। दूसरे अन्य मामलों जिनमे कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु भी चर्चा की गई।

मीटिंग में उपस्थित दिल्ली कर्मचारी परिसंघ के अध्यक्ष संतलाल ने चांवरिया जिनके नेतृत्व में 27 तारीख को धरना प्रदर्शन प्रस्तावित था परन्तु उपायुक्त द्वारा कार्रवाई से सन्तुष्ट होकर सर्वसम्मति से धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया ।बैठक में निगम अधिकारी उपायुक्त कुमार अभिषेक, सहायक आयुक्त , श्रम कल्याण अधिकारी, परिसंघ के अध्यक्ष संतलाल चांवरिया, पूनम सिंह( महिला मोर्चा अध्यक्ष), कप्तान सिंह ढिका, राहुल टांक, कालीचरण खेरालिया, अनिल चूडियाना, प्रदीप कांगड़ा, विक्की कामवाल, रानी सालवान, संगीता म्हरोलिया, शिवांगी कौर, राजेन्द्र भगवाने इत्यादि शामिल रहे।

### एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम, आईआईपी 2023

# जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के छात्र दुबई के लिए रवाना



जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा द्वारा इंटरनेशनल इमर्शन प्रोग्राम (आईआईपी 2023) का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पीजीडीएम कोर्स के द्वितीय वर्ष में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों एवम शिक्षकों को वैश्विक परिवेश एवं अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण को समझने एवं अनुभव करने के उद्देश्य से दुबई भेजा गया है ˆ इस वर्ष संस्थान के द्वारा आईआईपी 2023 प्रोग्राम के तहत 200 विद्यार्थीयों एवं शिक्षकों का समूह दुबई भेजा गया है ।

जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्र सितंबर 25 से 29 तक दुबई स्थित डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी में एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत विभिन्न सर्टिफिकेशन प्रोग्राम करेंगे। इस तरीके के इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा के साथ साथ आज के इस बदलते परिवेश में वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षा ग्रहण करना है। संस्था द्वारा आयोजित इस सर्टिफिकेशन कोर्स के अंतर्गत शिक्षक एवं अध्यनरत विद्यार्थी मुख्य रूप से इंटरनेशनल ट्रेड, मैनेजमेंट थ्रू ब्लाकचैन एवं इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विषय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे साथ ही साथ इन सर्टिफिकेशन कोर्सेस के अलावा डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी, दुबई के प्राचार्य द्वारा अन्य सत्र भी आयोजित किए जाएंगे ˆ इसी क्रम में जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा के निदेशक डॉ भूपेंद्र सोम द्वारा भी डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी के विद्यार्थीयों को पांच विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे।

दुबई के इस 5 दिनों केअपने प्रवास के दौरान छात्र यूनिवर्सिटी कैंपस के अलावा दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ–साथ सुंदर दर्शनीय स्थलों और अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचा और वैश्विक आर्थिक दृष्टि की आधुनिक स्थिति का भी आनंद लेंगे। दुबई का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बुर्ज खलीफा, डेजर्ट सफारी,क्रूज राइड जैसी कुछ चुनिंदा जगहों पर छात्र भ्रमण भी करेंगे।

विद्यार्थीयों को सहजता एवं मार्गदर्शन करने हेतु संस्थान की तरफ से 20 शिक्षकों का एक समूह भी छात्रों के साथ दुबई गया है।

जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा के सीईओ श्री स्वदेश कुमार सिंह ने बताया की संस्था द्वारा विद्यार्थीयों के हित में इस तरह के और भी आयोजन निरंतर जारी रहेंगे और संस्था अपने यहां अध्यनरत विद्यार्थीयों के समग्र विकास हेतु हमेशा प्रयासरत है।

# भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज में कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज, शिवाजी कॉलेज और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज फॉर वुमेन ने दिल्ली विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में एक अकादमिक सह सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की जी20 प्रेसीडेंसी के मद्देनजर भारत–फ्रांसीसी संबंधों का जश्न कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज में आयोजित किया गया। भारत और फ्रांस के द्विपक्षीय संबंधों के सांस्कृतिक महत्व को समझने के लिए इस कार्यक्रम की योजना बनाई गई थी। कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर बलराम पाणि ने किया, जिन्होंने जी20 के लिए नोडल केंद्र के रूप में भास्कराचार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के डीन प्रोफेसर रवींद्र कुमार ने तीनों कॉलेजों की इस पहल को काफी प्रोत्साहित किया। भास्कराचार्य के प्राचार्य प्रो अवनीश मित्तल ने छात्रों को वैश्विक एकता के लिए अपनी दक्षताओं के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. शिवानी जी वरमानी इसके लिए नोडल अधिकारी थीं और उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन दिया। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सम्मानित अतिथि और फ्रांसीसी बुद्धिजीवी डॉ. डैनियल बोरी ने पूरे विश्व के लिए पर्यावरण परिवर्तन की दिशा में पृथ्वी को बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# कांतिदेवी जैन व्याख्यानमाला का हुआ सफल आयोजन

### भारत आज दुनिया के शीर्ष राष्ट्रों में शुमार : राज्यपाल

भारत अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र गुरुग्राम, चाणक्य वार्ता, बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा और दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज द्वारा 'भारतवंशियों की युवा पीढ़ी एवं सांस्कृतिक समन्वय' विषय पर चतुर्थ श्रीमती कांतिदेवी जैन स्मृति तीनदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यानमाला एवं वेबिनार का सफल आयोजन किया गया, जिसमें देश–विदेश के शिक्षाविद, राजनेता, प्रशासक, पत्रकार, समाजसेवी शामिल हुए। व्याख्यानमाला के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ ओड़िशा के कुलपति प्रो. चक्रधर त्रिपाठी ने कहा कि आज के दौर में सर्वाधिक कमी मूल्यबोध की है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप एयरपोर्ट पर जाते हैं और वहां आपको एक छोटी सी बच्ची कहती है 'मिस्टर चक्रधर', तब ऐसा अनुभव होता है, जैसे अपनी संस्कृति तो गई। यदि भारतीयों के बीच सांस्कृतिक मूल्यबोध बचाए रखना है तो उसे भूलने के बजाय उसके साथ जीना सीख लें। व्याख्यानमाला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि नेशनल बुक ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. मिलिन्द सुधाकर मराठे ने 'भारतवंशियों की युवा पीढ़ी एवं सांस्कृतिक समन्वय' पर कहा कि जब हम भारतवासियों के युवाओं की सांस्कृतिक समन्वय की बात करते हैं तो जेहन में चार शब्द आते हैं, पहला हिंदू दर्शन, दूसरा हिंदू धर्म, तीसरा हिंदू संस्कृति और चौथा हिंदू सभ्यता। ऐसा इसलिए कि ये चारों चीज एक–दूसरे के करीब हैं, इसलिए जब भारतीय संस्कृति के समन्वय की बात होती है तो हमें लगता है कि भारतवंशी युवाओं को हिंदू और विभिन्न संस्कृतियों की सीख देने की जरूरत है। उन्हें समझाना होगा कि भारतीय तत्वज्ञान के आधार पर मनुष्य केवल विचारों का गुच्छ या केवल आर्थिक समूह नही हैं बल्कि मनुष्य शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का एक एकीकृत रूप है।





व्याख्यानमाला के अंतिम और तीसरे दिन मुख्य अतिथि और वक्ता गोवा के राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई ने कहा कि जहां वैश्विक मंच की बात है तो भारत आज दुनिया के शीर्ष राष्ट्रों में शुमार है। भारतीयता की सोच पूरी दुनिया को संपूर्णता में देखने की है। भारतीय संस्कृति, इतिहास, जीवनशैली, खान–पान, भारतीय दर्शन, भारतीय व्यवस्था सब कुछ उसी के अनुरूप है। स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनके सपनों को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन के मुताबिक आज व्हाइट हाउस से लेकर दुनियाभर में दीवाली, होली, योग दिवस मनाया जाता है, यूएन ने भी इसे स्वीकार किया है, जी20 सम्मेलन में वन नेशन, वन वर्ल्ड, वन फ्यूचर का नारा भी भारतीय दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम' की सोच से ही प्रेरित है। श्रीमती कांतिदेवी जैन स्मृति व्याख्यानमाला की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक सार्थक कार्य है। तीनदिवसीय व्याख्यानमाला के दौरान भारतीय उच्चायोग त्रिनिदाद एवं टुबैगो के द्वितीय सचिव के रूप में कार्यरत शिवकुमार, ब्रिटेन निवासी विख्यात कथाकार दिव्या माथुर, अमेरिका के वैश्विक महिला मंच की संरक्षिका डा. दुर्गा अशोक सिन्हा, कनाडा निवासी कवि एवं लेखक पीयूष श्रीवास्तव, केंद्रीय हिंदी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील कुलकर्णी, हॉलैंड निवासी धर्मगुरु सुरेंद्र शंकर उपाध्याय, दुबई निवासी उपन्यासकार व कवयित्री डा. आरती लोकेश, मॉरीशस स्थित विश्व हिंदी सचिवालय के उपमहासचिव डा. शुभशंकर मिश्र, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय हिंदी और आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के प्रोफेसर नवीनचंद्र लोहानी, वरिष्ठ साहित्यकार डा. बीएल गौड़, डेनमार्क की प्रवासी लेखिका अर्चना पैन्युली, नीदरलैंड में पत्रकार और पूर्व दूरदर्शनकर्मी ऋतु शर्मा, शिक्षाविद्, कथाकार व आलोचक डा. संदीप अवस्थी, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय, संविधान विशेषज्ञ एवं साहित्यकार लक्ष्मीनारायण भाला, टोरंटो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर कनाडा निवासी डा. हंसा दीप ने वक्तव्य पेश किया। इस व्याख्यानमाला के आयोजन के लिए राज्यसभा के पूर्व महासचिव डा. योगेंद्र नारायण ने चाणक्य वार्ता के संपादक अमित जैन की प्रशंसा की।

### काला दिवस पर छात्रों ने दिल्ली–मेरठ मार्ग पर निकाला जुलूस

मोदीनगर। मोदीनगर में 1990 के आरक्षण विरोधी आंदोलन में जान गंवाने वाले छात्र युवराज सिंह व संजय कौशिक की याद में मंगलवार को छात्रों ने दिल्ली मेरठ मार्ग पर जलूस निकाला। दोनों छात्रों को शहीद का दर्जा देने व राजचौपले को शहीद स्थल घोषित करने की मांग की। इसके बाद उप जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। मुलतानीमल मोदी डिग्री कालेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि 1990 में आरक्षण के विरोध में मोदीनगर में छात्रों का प्रदर्शन चल रहा था। इस बीच 26 सितंबर 1990 को पुलिस ने छात्रों पर गोली चला दी थी। जिसमें छात्र युवराज सिंह व संजय कौशिक की मौत हो गई थी। तभी से इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाया जाता है। छात्र नेता प्रियांशु सिंहल ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे सभी छात्र मुलतानीमल मोदी डिग्री कालेज में एकत्र हुए। वहां पर छात्र युवराज सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। इसके बाद सभी दिल्ली–मेरठ मार्ग पर जूलुस निकालते हुए गोविंदपुरी में संजय कौशिक की प्रतिमा पर पहुंचे। उनको श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# सूरजपुर कलेक्ट्रेट परिसर सभागार में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**नोएडा।** मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक सूरजपुर कलेक्ट्रेट परिसर सभागार में डा. महेश शर्मा माननीय सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार की अध्यक्षता में जिला विकास कार्यो की समीक्षा बैठक हुई। नोएडा, ग्रेटर नोएडा जेवर क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं द्वारा चलायी जा रही विकास कार्यो के बारे में जाना। जैसे मनरेगा के दौरान कितने लोगो लाभ मिल रहा है। पं0 दीन दयाल अन्त्योदया राष्ट्रीय ग्रामीण आजीवका योजना के तहत लाभ उठा रहे है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कि महत्वकांक्षी ग्रामीण कौषल योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण) , स्वच्छ भारत मिषन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना (हर घर जल योजना) के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली कि अभी तक किन–किन जगहों तक यह लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री कृषि योजना, दीन दयाल उपाध्याया ग्राम ज्योति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सर्व षिक्षा अभियान , प्रधानमंत्री उज्वला योजना, सुगम भारत अभियान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा नियम, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं इन सभी योजनाओं को धरातल पर चल रहे कार्यो की समीक्षा कि और जाना कि अभी तक इस क्षेत्र में कितने लोगो को लाभ मिल रहा है।

माननीय सांसद डा. महेश शर्मा जी ने नौनीहालों का अन्नाप्राशन एवं क्षेत्र के मेधावी छात्रों को चेक एवं साईकिल वितरण कर हौसला बढ़ाया एवं अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र कि विकास में आपलोगों का बहुत बड़ा योगदान होता है। बड़ी ईमानदारी के साथ इन सभी योजनाओं को समयबद्ध इस कार्यो को पूर्ण किया जायें जिससे हमसभी क्षेत्र के विकास के सहयोगी बनें।

अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि यह सभी योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। इस क्षेत्र की सारी जनता काफी खुष है। माननीय विधायक दादरी श्री तेजपाल नागर जी ने बताया कि कुछ कार्य जो धीमी गति से हो रहे उनको जल्द से जल्द पूरा किया जाये। जैसे बिजली के खंभो की तारे बदलना, जलभराव की समस्या। चेयरमैन दादरी गीता पंडित ने बताया कि पेयजल योजना के अन्तर्गत जो कार्य हो रहे है। उनमें तेजी लाया जाये जिससे हर घर जल योजना का कार्य पूर्ण हो और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिये उन्होनें कहा कि ग्रेटर नोएडा दादरी में सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल रहे है।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह जी ने बताया कि विकास कार्य अच्छी तरह से हो रहे है परन्तु कुछ जगहों पर अधिकारी समयानुसार पूर्ण नहीं कर पा रहे है। उन कार्यो में गति लाया जायें।

# संपादकीय



## दुनिया के संपन्न देश कमजोर देशों की तरक्की में बनते रहे हैं बाधा

वैश्विक दक्षिण के देश ही आने वाले वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई तस्वीर खींचेंगे।

यह छिपी बात नहीं है कि दुनिया के संपन्न देश कमजोर देशों की तरक्की में बाधा बनते रहे हैं। उन्होंने हर वैश्विक मामले में अपना दबदबा कायम कर रखा है। इसकी वजह से दुनिया में कई तरह के असंतुलन दिखाई देते हैं। भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर यह बात दोहराई कि जो देश प्रभावशाली स्थिति में हैं, वे बदलाव का विरोध करते हैं।

जयशंकर अनेक मंचों पर पश्चिम के दोहरे रवैये पर खुल कर बोल चुके हैं। इस बार उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य मंचों का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक उत्तर के देश बदलाव के पक्ष में नहीं दिखते। जिनका आर्थिक प्रभुत्व है, वे अपनी उत्पादन क्षमता का लाभ उठा रहे हैं और जिनके पास संस्थागत शक्ति है, वे कई तरह की क्षमताओं का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

इस तरह वैश्विक दक्षिण के देश अपनी क्षमताओं का पूरी तरह प्रदर्शन नहीं कर पा रहे। वैश्विक उत्तर का अर्थ उन संपन्न देशों से है जिनमें उत्तरी अमेरिका, यूरोप, इजराइल, जापान, आस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। दक्षिण देशों में मुख्य रूप से एशिया और लातिनी अमेरिका के देश शुमार हैं, जिन्हें विकासशील देश कहा जाता है। इनमें भारत अगुआ है।

हालांकि वैश्विक उत्तर के देश वैश्विक दक्षिण के देशों की क्षमताओं से अपरिचित नहीं हैं। जब उन्हें लगने लगा कि बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकासशील कहे जाने वाले देशों को अलग-थलग रख कर विकास की इबारत नहीं लिखी जा सकती, तब उन्होंने जी-7 का विस्तार करते हुए जी-20 का गठन किया था। इस बार दिल्ली में हुए जी-20 के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को भी शामिल कर लिया गया।

इस मौके पर दावा किया गया कि वैश्विक दक्षिण के देश ही आने वाले वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई तस्वीर खींचेंगे। मगर इन देशों के पास बड़ा बाजार, सस्ता श्रम और उत्पादन की विशाल संभावनाएं होने के बावजूद विकसित कहे जाने वाले देशों के दोहरे रवैये की वजह से अपना पूरा योगदान देने में सक्षम नहीं हो पा रहे। विकसित देशों के हाथ में संयुक्त राष्ट्र की कमान है।

सुरक्षा परिषद का विस्तार वे करना नहीं चाहते, इस तरह वे अपने निहित स्वार्थों के मुताबिक कमजोर देशों को दबाए रखने में सफल हो जाते हैं। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने भी सुरक्षा परिषद में विस्तार की जरूरत रेखांकित की थी, पहले भी कई मौकों पर वे यह बात कह चुके हैं, मगर उसके स्थायी सदस्य नियम-कायदों में कोई बदलाव नहीं करना चाहते।

दुनिया के सामने कई नए खतरे पैदा हो रहे हैं। सबसे भयावह तो जलवायु परिवर्तन की वजह से पैदा खतरा है। हर साल जलवायु परिवर्तन पर सम्मेलन होता है, उसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के संकल्प दोहराए जाते हैं, मगर विकसित देश खुद इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आते। पिछली बार कार्बन उत्सर्जन करने वाले देशों पर मुआवजे का प्रस्ताव आया, तो वे उस पर चुप्पी साध गए।

मगर जहां भी विकासशील देशों में कार्बन उत्सर्जन रोकने की बात आती है, तो उनका दबाव बढ़ जाता है। वे विकासशील देशों में अपने उत्पाद के लिए बाजार का विस्तार तो करना चाहते हैं, मगर उन्हें उनके हितों की कतई परवाह नहीं। भारत चूंकि विकासशील की श्रेणी से ऊपर उठ कर विकसित की श्रेणी में पहुंचने की ओर अग्रसर है, इसलिए वैश्विक दक्षिण के देशों को उसी से उम्मीद है कि वह कोई बेहतर रास्ता तलाश कर सकेगा।

## अफसरशाही पर नकेल कसने की जरूरत

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की पिछले महीने आई रिपोर्ट के मुताबिक डेढ़ सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च वाली एक हजार सात सौ बासठ परियोजनाओं में से चार सौ बारह की लागत इस साल अगस्त तक तय अनुमान से 4.77 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है, जबकि आठ सौ तीस परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। बुनियादी ढांचा अर्थव्यवस्था का आधार होता है। वित्तीय संकट की स्थिति में भी यही क्षेत्र अर्थव्यवस्था को संबल देता है। मगर देश में बुनियादी ढांचे की तस्वीर बहुत अच्छी नहीं है। इससे जुड़ी अधिकतर परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इसमें लगातार विलंब के कारण सरकारी खजाने पर खर्च का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। बुनियादी ढांचे में सड़कें, पुल, सिंचाई के संसाधन, बिजली, बंदरगाह, हवाई अड्डे और सामाजिक महत्त्व की योजनाएं शामिल होती हैं। व्यापक निवेश, लंबी अवधि और सामाजिक लक्ष्यों को देखते हुए ये नियमित परियोजनाओं से बहुत भिन्न होती हैं। इनमें अगर हीला-हवाली या भ्रष्टाचार का घुन लगता है, तो इसका सीधा असर विकास की गति पर पड़ता है। दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की पिछले महीने आई रिपोर्ट के मुताबिक डेढ़ सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च वाली एक हजार सात सौ बासठ परियोजनाओं में से चार सौ बारह की लागत इस साल अगस्त तक तय अनुमान से 4.77 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है, जबकि आठ सौ तीस परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत बीते मार्च में पच्चीस लाख एक हजार चार सौ करोड़ रुपए आंकी गई थी, लेकिन अब इसे और बढ़ाकर उनतीस लाख अठहत्तर हजार छह सौ इक्यासी करोड़ रुपए किए जाने का अनुमान है। देर से चलने के कारण मूल लागत में बढ़ोतरी वाली परियाजनाओं की संख्या बीते मार्च में एक हजार चार सौ उनचास थी, जबकि देरी से चलने वाली परियोजनाओं की संख्या आठ सौ इक्कीस दर्ज की गई थी। पांच माह में दोनों में ही बढ़ोतरी हुई है। इन आंकड़ों से साफ है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की हालत दिनों-दिन खराब हो रही है। हालांकि मंत्रालय की रपट में परियोजनाओं की देरी का कारण कोविड के दौरान लागू पूर्णबंदी को बताया गया है। अगर ऐसा मान भी लें तो बीते एक साल में पूरी तरह सामान्य हुए हालात के मद्देनजर स्थिति सुधर जानी चाहिए थी या उसमें सुधार के संकेत तो दिखने ही चाहिए थे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। रिपोर्ट में हर स्तर पर मार्च के मुकाबले हालात खराब ही दर्शाए गए हैं। इसके अलावा, योजनाओं की देरी के लिए अन्य बड़े कारण भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरी, निविदा प्रक्रिया तथा ठेके देने और उपकरण मंगाने में देरी के साथ-साथ बुनियादी संरचना की कमी, परियोजना का वित्तपोषण और इसकी संभावनाओं में बदलाव, कानूनी और अन्य अड़चनें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि बताए गए हैं। ये भी ऐसी वजहें हैं, जिनका सीधा संबंध सरकारी मशीनरी के काम करने के तरीके से जुड़ा है। अगर हर विभाग जनहित की परियोजनाओं को गंभीरता से लेकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे तो ये अड़चनें आसानी से दूर की जा सकती हैं। पिछले साल की एक रपट के मुताबिक भारतीय बुनियादी ढांचा क्षेत्र में परियोजना प्रबंधकों, सिविल इंजीनियरों, योजनाकारों, सर्वेक्षणकर्ताओं और सुरक्षा पेशेवरों सहित लगभग तीस लाख पेशेवरों की कमी है। अफसरशाही के पेंच कसने के साथ-साथ इस दिशा में भी ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है। हालांकि परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के इरादे से हर काम में देरी पर जुर्माने का प्रावधान किया जाता है, मगर भ्रष्टाचार के मकड़जाल में परियोजनाएं अपनी गति नहीं ले पातीं। ठेकेदारों और अफसरों के गठजोड़ से देरी का कोई न कोई बहाना निकाल लिया जाता है। इस तरह परियोजनाएं महंगी होती जाती और सार्वजनिक धन की नाहक बर्बादी होती है। इसका कोई व्यावहारिक उपाय तलाशना जरूरी है।

27 सितंबर विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष

# दुनियां में तेजी से बढ़ रहा है पर्यटन उद्योग



रमेश सर्राफ धमोरा




किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान होता है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक परिवहन साधनों से लेकर होटल, रेस्तरां और पर्यटन स्थलों के टिकट पर व्यय करते हैं। जिससे राजस्व की बढ़ोतरी होती है। घूमने का शौक रखने वाले नए-नए पर्यटन स्थलों की खोज में रहते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों को आकर्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है।

आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द – गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लागे में ही मदद नहीं करता है। बल्कि यह किसी भी देश के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वैश्विक स्तर पर पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाते हैं। पहली बार विश्व पर्यटन दिवस 1980 में मनाया गया था। इस दिन की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन ने की थी। 27 सितंबर के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने की खास वजह थी। इसी दिन 1970 में संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन को मान्यता मिली थी। संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन की वर्षगांठ के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने का फैसला लिया गया। पर्यटन दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यटन के जरिए रोजगार को बढ़ावा देने, लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जानकारी देना है।

हर साल विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी दुनिया का कोई एक देश करता है। पिछले साल विश्व पर्यटन दिवस का मेजबानी इंडोनेशिया ने की थी। था। इस बार सऊदी अरब विश्व पर्यटन दिवस 2023 की मेजबानी कर रहा है। विश्व पर्यटन दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले सात की थीम पर्यटन पर पुनर्विचार थी। कोरोना महामारी से पर्यटन को काफी नुकसान हुआ है। इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने के लिए यह थीम तय की गई थी। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस 2023 की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। विश्व पर्यटन दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टूरिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। ताकि देशों को पर्यटन के लिहाज से एक दूसरे से जोड़ा जा सके। यात्रियों को अपने देश के अलावा विदेशी पर्यटक स्थलों के बारे में भी पता चले और वह दूसरे देश के पर्यटन के जरिए विदेशी संस्कृति को करीब से जान पाए।

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है।

विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वालों का मानना है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है।

इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

वर्ष 2021 में विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद की रिपोर्ट में 178.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ भारत का पर्यटन क्षेत्र विश्व सकल घरेलू उत्पादन में अपने योगदान में छठे स्थान पर है। विदेशी मुद्रा के मामले में भारत के पर्यटन क्षेत्र ने वर्ष 2020 में 6.96 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की। कोरोना महामारी के बाद इसके और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2020 में भारत में पर्यटन क्षेत्र में 39 मिलियन लोगों को रोजगार मिला जो कि देश में कुल रोजगार का 8 प्रतिशत था। 2029 तक यह आंकड़ा लगभग 53 मिलियन होने की उम्मीद है।

भारत में 40 स्थल, विश्व विरासत सूची में शामिल हैं। जिनमें 32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित स्थल शामिल हैं। इस मामले में भारत विश्व में छठे स्थान पर है।

आज के समय में हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हैं। पर्यटन के कारण आज कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है।

जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है। भारत में यह अभी भी 6.7 प्रतिशत ही है। जबकि पड़ोसी देशों चीन (8.6), इण्डोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9), श्रीलंका (8.8) तथा थाइलैण्ड (13.9) है जो हमसे बहुत अधिक है।

भारतीय हमेशा से अतिथि देवो भव: की भावना को मानते आएं भारत में आया हुआ हर पर्यटक देश के लिए अतिथि समान होता है। इसलिए दुनिया का हर नागरिक एक बार भारत में पर्यटक बनकर जरूर आना चाहता है। भारतीय संस्कृति व पर्यटन स्थल पर्यटकों को एक अलग ही अहसास का अनुभव करवाती है। पर्यटन से राष्ट्रीयता की भावना मजबूत होती है। साथ ही पर्यटन से जीवन में उदारता व सहिष्णुता की भावना आती है। साधु-संत जो सामान्य मानव से ऊपर स्थान प्राप्त करते हैं।

उसका मुख्य कारण उनकी घुमक्कड़ी स्वभाव ही है। जिसके चलते वह हर प्रकार का ज्ञान हासिल करते रहते हैं।


# स्वस्थ नागरिक मजबूत राष्ट्र का निर्माता

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता हैद्य मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैद्य तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता हैद्य इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैद्य इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेद्य भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैद्य इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगाद्य फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55त्न हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है।

भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुत: सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है।




# पुस्तक समीक्षा : भारत की 75 वीरांगनायें



रिंकल शर्मा

भारत एक ऐसा देश है, जिसे सोने की चिड़िया कहा जाता था, जिसे संपूर्ण विश्व में आदर और सम्मान हमेशा मिलता आया है। यह सम्मान हम भारतीयों को यूं ही नहीं मिला है बल्कि इसके लिए हमारे देश का हर एक नागरिक जिम्मेदार है। चाहे वह हमारे स्वतंत्रता सेनानी हों या वीर योद्धा हों या फिर वर्तमान में इस देश के रहने वाले नागरिक। भारत वह देश है जिस देश की मिट्टी को माता के समान पूजा जाता है, और इस देश को अपनी मां के समान हर एक भारतीय प्यार और आदर देता है। हम सभी जानते हैं कि अंग्रेजों ने हमारे देश पर करीब 200 वर्षों तक राज किया था। भारत को आजाद कराने में लाÕों-करोड़ों लोगों ने अपने प्राणों की बाजी लगा दी। आजादी पाने के बाद से लेकर अब तक भी हजारों सैनिक इस पावन धरती की रक्षा करने हेतु सीमाओं पर अपने प्राण गवां देते हैं।

भारत देश अंग्रेजों का गुलाम था, जिसे सन 1947 में स्वतंत्रता मिली। हम सभी भली-भांति जानते हैं कि किसी भी देश को स्वतंत्र कराने में स्वतंत्रता सेनानी बहुत ही अहम भूमिका निभाते हैं। ये वो व्यत्तिफ़ होते हैं जो अपना तन-मन-धन सब कुछ देश को आजाद कराने में लगा देते हैं। भारत में महात्मा गाँधी, भगत सिंह, महाराणा प्रताप, चंद्रशेखर आजाद जैसे बहुत से स्वतंत्रता सेनानी हुए हैं जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुती दे दी थी। देश को आजाद कराने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी व्यत्तिफ़, स्त्री या पुरुष, स्वतंत्रता सेनानी कहलाते हैं। कुछ स्वतंत्रता सेनानी गर्म स्वभाव के थे और जोश से भरपूर थे, उन्होंने देश को स्वतंत्र कराने के लिए हिंसा का मार्ग चुना था। वहीं दूसरी तरफ बहुत से स्वतंत्रता सेनानी शांत स्वभाव के थे और उन्होंने अहिंसा और सत्य के पथ पर चल कर देश को आजाद करवाया था। स्वतंत्रता सेनानियों के कारण ही हमारा भारत आजाद है और हम एक आजाद भारत के नागरिक है। इनके विचारों से ही देश में क्रांति की लहर दौड़ी थी और हर व्यत्तिफ़ ने फिर चाहे वो महिलायें हों या पुरुष, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाई थी।

जिस तरह भारत देश को आजाद कराने में पुरुष स्वतंत्रता सेनानियों का बहुत बड़ा योगदान होता है उसी तरह उस आजादी को पाने के लिए देश की महिला स्वतंत्रता सेनानियों का भी बहुत बड़ा योगदान है। भारत के स्वाधीनता संग्राम में आक्रमणकारियों के विरुद्ध सदैव स्त्री शत्तिफ़ अग्रणी रही। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अनेक दौरों से गुजरा। 1857 के इस विद्रोह में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल जैसी वीरांगनाओं का योगदान विशेष उल्लेखनीय रहा। गांधी युग में राष्ट्रीय आन्दोलन जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया। इस युग में सभी धर्मों व सम्प्रदायों के अनुयायियों तथा जनता के प्रत्येक वर्ग ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्य में महिलाएँ भी पीछे नहीं रहीं। आरंभ से लेकर अंत तक उन्होंने न केवल शांतिपूर्ण आन्दोलनों में सक्रिय भाग लिया अपितु वे क्रांतिकारी गतिविधियों में भी सक्रिय रहीं। गांधी जी भी राष्ट्रीय आन्दोलन में महिलाओं की भागीदारी के पूर्ण पक्षधर थे। राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेकर महिलाओं ने न केवल ब्रिटिश शासन के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया व्यत्तफ़ की बल्कि गिरफ्तार भी हुई। कुल मिलाकर महिलाओं के अंदर इस समय जो राष्ट्रचेतना पैदा हुई थी उसने यह सिद्ध कर दिया कि वे एक ऐसी राष्ट्रीय शत्तिफ़ है जो राष्ट्र की स्वाधीनता और अधिकारों के लिए सभी बंधनों से उन्मुत्तफ़ होकर लड़ सकती है। इस समय जिन स्त्रियों ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया था उनमें एक पंत्तिफ़ उनकी थी जो गांधी जी के अहिंसावादी नीति का अनुसरण कर रही थीं और दूसरी पंत्तिफ़ उनकी थी जिन्होंने क्रांति का मार्ग चुना था। राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास में अपने आप को महिलाओं ने विविध आयामों के साथ प्रस्तुत किया है।

## देश की सभी वीरांगनाओं, माताओं और सच्चे देशभत्तफ़ों को समर्पित




चेहरे पर मौत का खौफ नहीं, चौड़ा सीना गर्व से होता है,
खुद की परवाह कहाँ उनको, जिन्हें इश्क वतन से होता है।

लेंखिका रिंकल शर्मा द्वारा लिÕी गई इस पुस्तक फ्भारत की 75 वीरांगनायेंय् में ऐसी ही कुछ 75 वीरांगनाओं की गाथायें हैं जिन्होंने हमारी आजादी पाने और उस आजादी को सुरक्षित रखने के लिए अपने प्राणों की हँसते-हँसते कुर्बानी दे दी। इस पुस्तक में जहाँ एक ओर उन वीरांगनाओं का जिक्र है जिनकी शहादत से सारी दुनिया वाकिफ है तो साथ ही उन वीरांगनाओं के बारे में भी चर्चा हैं जिनकी शहादत गुमनामी में Õो गयी। भारत की स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ भारत की उन वीरांगनाओं का भी उल्लेख है जिन्होंने आजादी के बाद, भारत की रक्षा एवं संविधान निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस पुस्तक के पन्नो के Õुलने पर आपको पता चलेगा कि वीरांगनाओं ने कितना बड़ा त्याग किया। देश को आजाद कराने के लिए कितनी लंबी और भयानक लड़ाई लड़ी। इन 75 वीरांगनाओं के शौर्य और बलिदान के परिणामस्वरूप ही हम और आप एक स्वतंत्र देश में सांस ले रहे हैं और अपने-अपने घरों में सुरक्षित बैठे हुए हैं। इन वीरांगनाओं को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए, हम सबको इन महान महिला स्वतंत्रता सेनानियों का दिल से सम्मान करना चाहिए और देश के लिए दी गई इनकी कुर्बानी को कभी भी नहीं भूलना चाहिए। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें इनसे प्रेरित होना चाहिए। इनके समान देशभत्तिफ़ हर देशवासी के मन में होनी चाहिए। पूरे देश के लोगों को एकता के सूत्र में बांधना चाहिए। ताकि जब कभी हमारे देश पर कोई मुसीबत आए, तो हम शत्रु का डटकर सामना कर सकें। डायमंड पॉकेट बुक्स द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक फ्भारत की 75 वीरांगनायेंय् देश की सभी वीरांगनाओं, माताओं और सच्चे देशभत्तफ़ों को एक समर्पित है।

भूल न जाना भारत माँ की बेटियों का बलिदान, इस दिन के लिए जो हुईं थीं हंसकर कुर्बान
आजादी की ये Õुशियाँ मनाकर लो ये शपथ, कि बनायेंगे देश भारत को और भी महान---

## शार्ट न्यूज

### जौनपुर में दो थाना प्रभारी लाइन हाजिर

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में सोमवार देर रात छह थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करने के साथ गौराबादशाहपुर और जलालपुर के थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से लाइन से किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने बीती रात पुलिस लाइन से निरीक्षक विनीत राय को एसओजी प्रभारी, क्राइम ब्रांच विवेचना सेल उप निरीक्षक से विनोद कुमार सिंह को थानाध्यक्ष सरपतहा , प्रभारी निरीक्षक खेतासराय राजेश कुमार यादव को प्रभारी निरीक्षक जलालपुर, थानाध्यक्ष सुरेरी अश्वनी कुमार दुबे को थानाध्यक्ष नेवढ़िया , प्रभारी निरीक्षक नेवढ़िया विनय कुमार मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर, 112 में कार्यरत उप निरीक्षक प्रियंका सिंह को थानाध्यक्ष सुरेरी , रामपुर के थानाध्यक्ष चंदन कुमार राय को थानाध्यक्ष खेतासराय, सरपतहां के थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह को थानाध्यक्ष रामपुर थानाध्यक्ष बनाया है। थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर रमेश कुमार और प्रभारी निरीक्षक जलालपुर रामसरीख गौतम को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन से सम्बद्ध किया गया है।

### बाप-बेटे की हत्या में दो इनामी गिरफ्तार

आजमगढ। आजमगढ़ जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के सरदहां में 20 सितंबर को बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दो और इनामी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डबल मर्डर की घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब वे सुबह में दुकान पर झाड़ू लगा रहे थे। उसी समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिले के एसपी अनुराग आर्य ने घटना में शामिल आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था। इस मामले में एक आरोपी पवन गुप्ता को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि चार अन्य आरोपियों सहित पूर्व में पांच आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। इस घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में सामने आई। जिसके बाद इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी अनुराग आर्य ने घटना के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया था। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने आरोपियों द्वारा कब्जा की गई अवैध जमीन से बुलडोजर लगाकर अतिक्रमण हटा दिया है। इससे पूर्व इस घटना में शामिल दिनेश गुप्ता, निर्मला देवी, पंकज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस बारे में आरोपियों ने पूछताॅछ में शनि कुमार ने बताया कि मैं पहले पवन गुप्ता की दुकान पर काम करता था।

### पचहरा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग जर्जर

महोबा। महोबा जनपद के पचहरा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग सहित गांव के सभी रास्ते कच्चे और गड्ढा युक्त है। जिससे ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। गांव का मुख्य मार्ग ही खराब पड़ा है तो यहां के विकास के हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। गांव में मूलभूत सुविधाएं न के बराबर हैं। गांव में बना स्कूल भी जर्जर है और खतरे के साए में मासूम शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। जिसको लेकर नाराज ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में इकट्ठा होकर जिला अधिकारी कोज्ञापन सौंपते हुए गांव के मुख्य मार्ग को बनवाए जाने और मूलभूत सुविधाओं को दिलाने की मांग की। महोबा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले पचहरा गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी होने के चलते ग्रामीण अपना दुख बताने डीएम की चौखट पर पहुंचे। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे महेंद्र सिंह, मैयादीन, हल्के, बृजलाल, रामनरेश विकास आदि लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत दमौरा में आने वाला उनका गांव पचहरा मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क ही खराब पड़ी है। गांव के अन्य रास्ते भी खराब हैं। जिससे अक्सर बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप और मलेरिया बीमारी का दंश भी ग्रामीणों को झेलना पड़ता है। गांव के सभी रास्ते टूटे-फूटे और कच्चे हैं।

### इलेक्ट्रिक वाहनों से अयोध्या की सैर करेंगे पर्यटक

अयोध्या। अयोध्या में पर्यटक अब इलेक्ट्रिक वाहनों से मठ-मंदिरों की सैर कर सकेंगे। डीएम नितीश कुमार ने आज इलेक्ट्रिक वाहनों के गोल्फ कार्ट सेवा का फीता काटकर इस सुविधा का आरंभ किया। इस बेड़े में आज 5 वाहनों से आरंभ कर दीपोत्सव तक 25 और प्राण प्रतिष्ठा तक 40 वाहन की सुविधा आरंभ होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर आवागमन की सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की दृष्टिगत प्रथम चरण में आज पांच इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन का शुभारंभ किया गया है दीपोत्सव तक इनकी संख्या 25 तथा श्री राम जन्म भूमि के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर तक इनकी संख्या 40 से अधिक करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इन प्रदूषण रहित इको फ्रेंडली इलेक्ट्रिक वाहनों से ?50 के टोकन के माध्यम से दर्शनार्थी एवं पर्यटक अयोध्या धाम के विभिन्न मठ मंदिरों तक सुगमता से पहुँच सकेंगे। इन इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का परिचालन धर्म पथ, राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के साथ ही विभिन्न प्रमुख स्थलों के पहुच मार्गों पर किया जाएगा। इस के साथ ही भविष्य में और भी इको फ्रेंडली वाहनों की संख्या को बढ़ाने हेतु नगर निगम व अयोध्या विकास प्राधिकरण हेतु कार्य कर रही हैं।

### घूस लेते पकड़ा लेबर डिपार्टमेंट का अधिकारी

**मुरादाबाद।** विजिलेंस की टीम ने एक श्रम प्रवर्तन अधिकारी को 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ अरेस्ट किया है। विजिलेंस की बरेली यूनिट ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। मुरादाबाद के जिला पंचायत परिसर में बने श्रम विभाग के कार्यालय में पहुंची टीम ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुभाष भारती को घूस लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा। मंगलवार को बरेली से विजिलेंस की एक टीम मुरादाबाद पहुंची। टीम को श्रम विभाग के अधिकारी द्वारा घूस लिए जाने की सूचना मिली थी। टीम ने लेबर डिपार्टमेंट के ऑफिस पहुंचकर पॉजिशन ले ली। श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुभाष भारती को कवर करते हुए उन पर नजर रखना शुरू कर दी। जैसे ही उन्होंने घूस की रकम ली, पहले से मुस्तैद टीम ने उन्हें धर दबोचा। पता चला है कि एक पेट्रोल पंप का निरीक्षण करने के बाद श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालक से 50 हजार रुपये की घूस मांगी थी। पकड़े जाने के बाद सुभाष भारती ने हंगामा किया। टीम उन्हें पकड़कर कार्यालय से बाहर निकली और अपने साथ में कार में ले गई। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। विजिलेंस एएसपी अरविंद कुमार यादव ने मीडिया से कहा कि, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुभाष भारती के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में केस केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मूंढापांडे थाना क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर स्थित रिलायंस वीपी मोबिलिटी लिमिटेड नाम से पेट्रोल पंप है।

### रेप का वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार



आजमगढ़। आजमगढ़ जिले में रेप का वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी की बहन ने बुलाकर अपने भाई के साथ घर पहुंचाने की बात कहकर बाइक पर बैठा दिया। जिसके बाद अभियुक्त विपिन यादव जो कि गंभीरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है धमकी देते हुए मुझे आजमगढ़ लेकर गया जहां मेरे साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। इसके साथ ही आरोपी ने रेप करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले की शिकायत पीड़िता ने पुलिस से ही करना बेहतर समझा। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। मामले की विवेचना कर रहे गंभीरपुर थाने के प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर इस मामले में रेप और आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इसी क्रम में आरोपी विपिन यादव को सैनिक ढ़ाबे के पास से हिरासत में ले लिया गया है।

# तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़ना होगा : योगी

▶ सीएम योगी ने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया





**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़कर न्यू ऐज कोर्सेस को अपने यहां लागू करना होगा। आज का समय तकनीक का है, इसका उपयोग राष्ट्र निर्माण और लोककल्याण में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर थाने थे। आज प्रदेश के हर जनपद में एक-एक साइबर थाना है और हर जिले में साइबर हेल्प डेस्क है। इनसे साइबर अपराधों पर लगाम लग रही है।

सीएम योगी ने मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की यह जिम्मेदारी बनती है कि तकनीकी सहयोग के लिए साइबर थानों के साथ एमओयू करें। आज गोरखपुर जोन की पुलिस ने इस दिशा में अनुभव पहल करते हुए मदन मालयवीय विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया है।

सीएम योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश के तकनीकी संस्थानों को खुद को उससे जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें नंबर था। हमारी सरकार ने सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से इसमें सुधार किया। साथ ही प्रशासनिक तंत्र को भी बाध्य किया कि वह तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए किए गए रिफॉर्म को धरातल पर उतारे।

# शारदीय नवरात्र से शुरु होगा 'मिशन शक्ति' का नया चरण

लखनऊ । महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए उत्तर प्रदेश में 'मिशन शक्ति' अभियान का नया चरण आगामी शारदीय नवरात्र से प्रारंभ होगा। अभियान के इस चरण में महिलाओं की सुरक्षा व आपात परिस्थितियों में मदद के प्रबंध की जानकारी तो मिलेगी ही, केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का अवसर भी होगा। अभियान के इस चरण के केंद्र में शक्ति दीदी के रूप में महिला बीट अधिकारी होंगी। जिनके साथ स्वास्थ्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के स्थानीय कार्मिक उपस्थित होंगे ताकि मौके पर ही योजनाओं से वंचित पात्र महिलाओं को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार हर सप्ताह एक नियत दिन शक्ति दीदी के साथ आशा, एएनएम, रोजगार सेवक, लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री आदि गांव में महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। महिला बीट अधिकारी द्वारा महिलाओं को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी देंगी तो आपात परिस्थितियों में उपयोगी 112, 108, 1090, 181 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी जागरूक करेंगीं। वही अन्य विभागीय कार्मिक विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र, किंतु अब तक वंचित महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। अधिकृत सूत्रों के अनुसार मिशन शक्ति के नए चरण के संबंध में शक्ति दीदी प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया है, जिसके सुचारु रुप से संचालन हेतु बीते पांच सितंबर से 21 सितंबर तक प्रदेश के सात कमिश्नरेट और 68 जिलों के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# गोण्डा में पुलिस मुठभेड़ में चार लुटेरे गिरफ्तार

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के नवाबगंज क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी के अभिकर्ताओं संग हुई लूट में शामिल चार बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने मंगलवार को बताया कि 22 सितम्बर को एक फाइनेंस कंपनी के अभिकर्ता अरविंद कुमार अपने एक अन्य साथी संग अयोध्या कार्यालय जा रहे थे कि चारों लुटेरों ने उनसे असलहे की नोंक पर एक लाख 10 हजार रुपए लूट लिये और मौके से फरार हो गए थे। पीड़ित एजेंट की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश में जुट गयी।

एसपी ने बताया कि एसओजी टीम व नवाबगंज पुलिस से मिली सूचना के आधार पर पुलिस गश्ती दल ने सोमवार देर रात नगवा मोड़ के समीप गोसाई पुरवा के पास बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने का प्रयास किया।

इस दौरान जवाबी फायरिंग में बदमाश करन यादव और अभिषेक सिंह के पैर गोली लग गयी और दोनों घायल हो गये।

# छोटे भाई की कनपटी पर गोली मारकर हत्या

**बड़े भाई का भाजपा से जुड़ने का करता था विरोध, पिता ने कहा-इसलिए मारकर फरार हो गया**

**कानपुर।** कानपुर के जूही इलाके में एक युवक अदनान की हत्या कर दी गई। परिवार के मुताबिक, हत्या उसके बड़े भाई आरजू ने की है। क्योंकि, आरजू भाजपा पार्टी के नेताओं के साथ रहता था। छोटा भाई इसका विरोध करता था।अदनान के सिर में गोली मारी गई है। फिलहाल, बड़ा भाई आरजू फरार बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची जूही थाने की पुलिस ने जांच की। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।



अदनान, मृतक

परमपुरवा पुलिस चौकी के पास जामा मस्जिद वाली रोड पर रहने वाले अजमत खान अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में उनकी पत्नी इस्मेतून निशा और चार बेटे अदनान खान, आरजू, आसिफ और इरफान हैं। अजमत ने बताया कि सोमवार रात को दोनों बेटे अदनान (20) और आरजू छत पर सो रहे थे।

सुबह हम लोगों ने फायरिंग की आवाज सुनी। हम जल्दी-जल्दी ऊपर छत की तरफ भागे। आरजू इस दौरान आराम से नीचे उतरता दिखा। फिर वो बाहर चला गया। हमने छत पर जाकर देखा तो अदनान का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था। सिर पर घाव था। लगा कि जैसे उसको गोली मारी गई है।

अदनान की सांस भी नहीं चल रही थी। पड़ोसी भी हमारे घर आ गए। हम लोग निजी अस्पताल ले गए। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

#### घर में आए दिन होती थी कलह

पुलिस को मर्डर की सूचना दी गई। जूही थाने की पुलिस, डीसीपी रवींद्र कुमार, एडीसीपी अंकिता शर्मा मौके पर पहुंचे। डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया कि परिवार वालों के मुताबिक, हत्यारोपी भाजपा पार्टी से जुड़ा हुआ था। इस बात का परिवार के लोग विरोध करते थे। इसी बात को लेकर घर में आए दिन कलह भी होती थी। फिलहाल, आरजू की गिरफ्तारी पर फोकस है। उसकी तलाश की जा रही है।

# मुरादाबाद में किसान की विरासत दर्ज न करने पर लेखपाल सस्पेंड

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में किसान से विरासत दर्ज करने के लिए दस हजार रूपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि किसान से लेखपाल ने दस हजार की रिश्वत मांगी। रिश्वत न देने पर दो साल तक चक्कर लगवाए। चार बार ऑनलाइन विरासत दर्ज करने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया। 25 सितंबर को पीड़ित पक्ष ने मामले के शिकायत मुख्यमंत्री से की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान लेने के बाद मामले में एसडीएम सदर ने जांच कराई। जांच के बाद दोषी मिलने पर लेखपाल को सस्पेंड कर दिया गया है।





मुरादाबाद के चिड़िया टोला लाइन पार निवासी राकेश सैनी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की। उन्होंने बताया कि तहसील सदर की ग्राम शाहपुर तिगरी में उनके ताऊ रामचंदर की जमीन है। राजस्व अभिलेखों में उनका नाम दर्ज है। उनकी मृत्यु 29 सितंबर 2020 को हो गई थी। विरासत दर्ज कराने के लिए उनके तहेरे भाई भरत सिंह ने ऑनलाइन आवेदन किया था। भरत सिंह के सिर में गंभीर चोट है। इसलिए वह घर पर ही रहता है। विरासत दर्ज कराने के लिए लेखपाल सुनील कुमार शर्मा को सभी साक्ष्य उपलब्ध कराए थे। इसके बावजूद विरासत दर्ज नहीं की गई। लेखपाल सुनील शर्मा लेखपालसंघ के जिला अध्यक्ष भी है। लेखपाल ने 10 हजार रुपये की मांग की तो राकेश ने दो हजार रुपये दे दिए, लेकिन लेखपाल पूरे रुपये मांगने पर अड़ा रहा।

### सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के सदरपुर क्षेत्र में एक बंदर को बचाने के चक्कर में बाइक सवार शिक्षक दंपत्ति वैन से टकरा गए। इस हादसे में शिक्षक की मौत हो गयी जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस के अनुसार पुत्तन लाल शर्मा (58) अपनी पत्नी विनीता (55) के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरा में मंगलवार सुबह जा रहे थे कि राम भरी मोड़ के पास एक बंदर को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक एक वैन से टकरा गयी। इस हादसे में दंपत्ति घायल हो गए जिन्हे एंबुलेंस से सीएससी विसवा भेजा गया जहां डॉक्टर ने उत्तम लाल शर्मा को मृत घोषित कर दिया जबकि विनीता देवी को उपचार के लिये ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। वैन चालक फरार है।

# केरल निवासी दंपत्ति जहरखुरानी के शिकार

भदोही। पूर्वोत्तर रेलवे के ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह नई दिल्ली से जय नगर जाने वाली डाउन स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में पति-पत्नी जहर खुरानी का शिकार हो गये।

आरपीएफ के सूत्रों ने बताया कि केरल के पत्तन टिट्टा मारामन निवासी सोमन टी एस (68) पत्नी रेमानी सोमन (62) के साथ काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए वाराणसी जा रहे थे कि 12562 डाउन स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस मे रास्ते में जहरखुरानी के शिकार हो गए। आज सुबह प्रयागराज जंक्शन से आगे चलने पर बुजुर्ग महिला होश में आयी और उसने पति को जगाने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद पति की नींद नही खुली तो परेशान महिला ने अगल बगल बैठे यात्रियो को जानकारी दी। किसी यात्री ने इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल रुम को दे दी।

ट्रेन जब ज्ञानपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी तो आरपीएफ कांस्टेबल रामबली सिंह ने पति-पत्नी को ट्रेन से उतार कर नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों जहर खुरानी के शिकार हो गये हैं। जहर खुरान पति सोमन टी एस के गले की चैन व पत्नी की गले का लॉकेट लेकर गायब हो गये।

### महोबा में युवक ने की आत्महत्या

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में गृह क्लेश के चलते एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस उप अधीक्षक आरपी राय ने बताया कि भीतरकोट अभिषेक (22) का शव मंगलवार सुबह फांसी से लटका मिला। परिजनो के अनुसार वह खाना खाकर देर रात सोने के लिए अपने कमरे में चला गया था। सुबह काफी समय तक कमरा न खुलने पर दरवाजे तोड़े गए तो भीतर अभिषेक का फांसी के फंदे पर शव लटका मिला। परिजनों द्वारा अभिषेक के आत्महत्या करने की वजह गृह क्लेश बताया जा रहा है। मृतक का अपनी पत्नी कंचन से विवाद होता रहता था। उसकी कंचन के साथ तीन साल पहले लव मैरिज हुई थी। भाई शैलेष ने बताया कि कल अभिषेक छतरपुर जिले के नोगांव में अपनी बहन के घर गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने गया था। देर शाम वापस लौटने पर उसका पत्नी कंचन के साथ झगड़ा हुआ था। आशंका है कि इस झगड़े के बाद गुस्से में भरे अभिषेक ने आत्महत्या कर ली।

# महोबा में युवक की संदिग्ध हालत में मौत, हत्या की आशंका

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को रेलवे ट्रैक के निकट मिले एक युवक की उपचार दौरान मौत हो गई। युवक की हत्या किए जाने की आशंका है।

पुलिस उप अधीक्षक आरपी राय ने बताया कि बिलबई रोड पर रेलवे ट्रैक के पास से आज सुबह घायल अवस्था में मिले युवक की पहचान मिल्कीपुरा मोहाल निवासी रईस (25) के रूप में की गई है। युवक की विधवा माँ शाकरा के मुताबिक चार माह पहले रईस की



शादी चरखारी के सुदामापुरी निवासी लल्लू की पुत्री रज्जो से हुई थी। रईस ने जरूरत पड़ने पर अपने ससुर लल्लू को सात लाख रुपये उधार दिए थे जिन्हें वह उनसे वापस लौटाने की मांग कर रहा था। उन्होने बताया कि भाई सईद के अनुसार बीते रोज रईस अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था। जहां उधारी की रकम को लेकर उसका अपने ससुर से विवाद हुआ। लल्लू ने उसे रकम तो नही लौटाई साथ ही अपनी बेटी रज्जो को भी भेजने से मना कर दिया। सईद का आरोप है कि विवाद के तूल पकड़ने पर ससुराली जनों ने रईस के साथ बुरी तरह से मारपीट की और कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया और उसे मरणासन्न हालत में रेलवे ट्रैक के निकट फेंक कर भाग गए। सुबह राहगीरों से उन्हें रईस के घायल अवस्था मे पड़े होने की खबर मिली। परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि सूचना पाकर पुलिस ने रईस के शव को कब्जे में लिया है। उसकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोष्ट मार्टम कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अमेठी : ट्रक और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर, दो ड्राइवरों समेत तीन की मौत

**अमेठी जिला।** अमेठी में देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया है। हादसे में ट्रक और ट्रेलर की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गाड़ियों के चालक समेत एक कंडक्टर की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कड़ी मशक्कत बाद गाड़ी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। फिलहाल अभी तक सिर्फ एक शव की पहचान हुई है और पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। बाकी दोनों शवों की पहचान कराने में पुलिस जुटी हुई है।

दरअसल, ये पूरा मामला जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित थौरी गांव के पास का है। जहां देर रात करीब एक बजे तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर की आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गाड़ियों के चालक समेत एक खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीनों के शव गाड़ियों में फंस गए। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों जे पुलिस को दी।



#### कड़ी मशक्कत के तीनों शवों को निकाला गया बाहर

सूचना मिलते ही जगदीशपुर एसएचओ राकेश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुँचे और गाड़ी में फंसे तीनों शवों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। खलासी की पहचान मनोज मिश्रा थाना बल्दीराय जिला सुल्तानपुर के रूप में हुई ।पुलिस ने तत्काल इसकी सूचना उसके परिजनों को दी बाकी दोनो शवों की पहचान अभी तक नही हो पाई है ।पुलिस दोनो शवो का पहचान कराने में जुटी हुई है। वहीं पूरे मामले पर जगदीशपुर एसएचओ राकेश सिंह ने कहा कि देर रात ट्रक और ट्रेलर की आमने सामने टक्कर हुई थी। हादसे में दोनों गाड़ियों के चालक समेत एक खलासी की मौके पर मौत हो गई थी। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एक मृतक की पहचान हुई है, बाकी दो मृतकों की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।


### जालौन में युवक ने सुसाइड किया

जालौन। जालौन में संदिग्ध हालत में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था और वह सोमवार को ही अपने घर पहुंचा था, जहां खाना खाने के बाद यह कदम उठाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला माधौगढ़ कोतवाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम जमरेही अब्बल ग्राम का है। यहां का रहने वाला प्रदीप कुमार (25) पुत्र रामबाबू ने अपनी पत्नी के साथ उरई में किराए के मकान में रहता था और यहां मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बीते दिन उसकी पत्नी मायके चली गई थी। जिसके बाद प्रदीप उरई से अपने घर ग्राम जम रही सोमवार को पहुंच गया। जहां सोमवार रात को उसने घर पर खाना खाने के बाद फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

# ज्ञानवापी में पूजा-श्रृंगार-रागभोग समेत तीन केस पर जजमेंट टला

वाराणसी। जनपद न्यायाधीश वाराणसी के कोर्ट में पांच वादिनी महिलाओं के श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मस्जिद के मूलवाद में जिला जज की अदालत में आज फैसला टल गया। ज्ञानवापी मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन पर जिरह के बाद सुरक्षित फैसला अब कल 27 सितंबर को आएगा। एक अधिवक्ता परिजन के निधन के चलते कोर्ट में शोक सभा के बाद न्यायकार्य नहीं किया गया। जिला जज ने फैसले के लिए 27 सितंबर की तारीख तय की और वादी समेत सभी पक्षों को फैसले के समय न्यायालय में रहने का आदेश दिया।

जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ज्ञानवापी मस्जिद के बजूखाने में मिले कथित शिवलिंग के श्रृंगार, रागभोग, आरती, स्तवन, पूजन, दर्शन के बिन्दु पर आज फैसला देंगे। स्वामी



अविमुक्तेश्वरानंद की याचिका समेत मूलवाद के में विगत कई दिनों से टल रही सुनवाई पर 27 सितंबर को फैसला दिया जाएगा। इसमें श्रृंगार गौरी सहित अन्य विग्रहों के दर्शन-पूजन का अधिकार मांगा गया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का दावा था कि ज्ञानवापी में अधिवक्ता आयुक्त के सर्वे में मिली शिवलिंग जैसी आकृति के राग-भोग और दर्शन-पूजन का अधिकार हर सनातनी को है।

## शार्ट न्यूज

### बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर एशिया-प्रशांत के 10 तेज लॉजिस्टिक्स बाजारों में : नाइट फ्रैंक

मुंबई। नाइट फ्रैंक की वर्ष 2023 की पहली छमाही की एशिया-पैसिफिक लॉजिस्टिक्स हाइलाइट रिपोर्ट के अनुसार एशिया-प्रशांत (एपीएसी) लॉजिस्टिक्स बाजार में किरायों में साल-दर-साल 10.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट में शामिल 17 शहरों में से 15 में किराए एक साल पहले से ऊंचे हुए। प्रमुख भारतीय शहर बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर इस वर्ष पहली छमाही में वेयरहाउसिंग किराया वृद्धि के मामले में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शीर्ष 10 बाजारों में बने रहे। सूची में मुंबई 11वें स्थान पर है। मनीला में ई-कॉमर्स की निरंतर मांग के कारण एशिया-प्रशांत में साल-दर-साल 49.3 प्रतिशत की सबसे तेज वृद्धि देखी गयी। बेंगलूरु में यह वृद्धि 7.5 प्रतिशत और दिल्ली-एनसीआर में 6.6 प्रतिशत रही। हांगकांग में गोदामो के किराए में सालाना आधार पर 0.20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। मुंबई में किराए 4.2 प्रतिशत बढ़े। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभर रहा है, देश भर में व्यावसायिक गतिविधियां विकास पथ पर मजबूती से आगे बढ़ रही हैं। आने वाले महीनों में ई-कॉमर्स क्षेत्र की मांग में सुधार होने की उम्मीद है और इससे विनिर्माण और 3पीएल (थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स) क्षेत्रों की बढ़ती मांग के साथ-साथ बाजार में तेजी बनी रहने की उम्मीद है।''

### बजाज ने लांच की 150 सीसी पल्सर एन150

गाजियाबाद। दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो ने 150 सीसी में नई पल्सर एन150 लॉन्च करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां कहा कि पल्सर एन150 विस्तारित पल्सर पोर्टफोलियो के लिए एकदम सही जोड़ है, जिसने पिछले 18 महीनों में कई सनसनीखेज लॉन्च देखे हैं, जिनमें अब तक का सबसे बड़ा पल्सर एन250 और अविश्वसनीय रूप से सफल पल्सर एन160 शामिल हैं। पल्सर एन150 के साथ, भारत की सबसे कंपनी ने अधिक बिकने वाली स्पोर्ट्स बाइक परिवार को एक योग्य नया सदस्य मिला है। डिज़ाइन भाषा गतिशील और ऊर्जावान चरित्र रेखाओं, सख्त अनुपात और आधुनिक एयरो गतिशीलता का दावा करती है। यह एक स्पोर्टियर अंडरबेली एग्जॉस्ट से लैस है जो उच्च आरपीएम देता है। बेली पैन, फ्रंट फेयरिंग और फ्रंट फेंडर जैसे फ्लोटिंग बॉडी पैनल प्रभावशाली प्रोफ़ाइल को पूरा करते हैं। बजाज ऑटो के अध्यक्ष (मोटरसाइकिल) सारंग कनाडे ने कहा,बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी, जिसने एंट्री-लेवल स्पोर्ट बाइकिंग सेगमेंट को हिलाकर रख दिया था और तब से यह भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली 150 सीसी मोटरसाइकिल रही है।

### भारत-अमेरिका संबंधों की ओर अधिक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण रखा जाए : गारसेटी

नयी दिल्ली। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गारसेटी ने भारत-अमेरिका चैंबर ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 20वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन में मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के आपसी संबंधों के प्रति अधिक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। गारसेटी ने कहा कि दोनों दोनों को ऐसे सहज संबंध की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए जिसमें कोई खींचातानी की गुंजाइश न हो। इस सम्मेलन का विषय 'अगले 25 वर्षों के लिए भारत और अमेरिका के बीच टिकाऊ साझेदारी के लिए विचारों और संभावनाओं को साझा करना' है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम आपसी संबंधों को लेकर और अधिक महत्वाकांक्षी कैसे हो सकते हैं। सिर्फ एक और सौदे के लिए समझौते से संतोष न करें। हमने पिछले कुछ महीनों में कुछ ऐसा किया है, जिससे दोनों देशों के बीच जवाबी शुल्क लगाने की घटनाओं और व्यापारिक विवाद में कमी आई है लेकिन यही पर्याप्त नहीं है। मुझे लगता है कि हमें अपनी आंखें बंद करके सपने देखने की जरूरत है कि यह रिश्ता कैसा हो सकता है , हमें उससे भी अधिक की कल्पना करनी चाहिए जिसकी कल्पना हम आज करते हैं। हमें सोचना चाहिए कि हमारे संबंध बाधाओं से रहित कैसे हो सकते हैं ?

### शेयर बाजार गिरा

मुंबई। वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मारुति और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 78.22 अंक की गिरावट लेकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65945.47 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 9.85 अंक फिसलकर 19664.70 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.09 प्रतिशत टूटकर 32,066.50 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी लेकर 37,225.00 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3793 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1876 में तेजी जबकि 1788 में गिरावट रही वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां लाल जबकि शेष 27 हरे निशान पर रही। बीएसई के छह समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान वित्तीय सेवाएं 0.21, हेल्थकेयर 0.15, आईटी 0.46, बैंकिंग 0.45, कंज्यूमर ड्यूरबल्स 0.23 और टेक समूह के शेयर 0.36 प्रतिशत टूट गया जबकि एफएमसीजी 0.43, दूरसंचार 0.97, इंडस्ट्रियल्स 0.47 और रियल्टी समूह के शेयरों में तेजी रही।

### आयकर विभाग ने नए एंजल टैक्स नियमों को नोटिफाई किया

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने स्टार्टअप कंपनियों की तरफ से निवेशकों को जारी किए जाने वाले शेयरों के मूल्यांकन से संबंधित नए एंजल टैक्स नियमों को अधिसूचित किया है। आयकर नियमों के नियम 11 यूए में बदलाव के अनुसार केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) में प्रावधान है कि गैर-सूचीबद्ध स्टार्टअप द्वारा जारी अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों (सीसीपीएस) और इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन उचित बाजार मूल्य पर आधारित हो सकता है। डेलॉयट इंडिया के सुमित सिंघानिया के अनुसार एक निवेशक के नजरिये से संशोधित नियम शेयरों के मूल्यांकन के तरीके का व्यापक दायरा मुहैया कराते हैं और इससे अनुपालन कम जटिल होने की उम्मीद है। सिंघानिया ने कहा कि इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर शेयरों के मूल्यांकन में उचित मूल्य से 10 प्रतिशत गिरावट की मंजूरी देकर एक सुरक्षित स्थिति बनाई गई है। एक स्टार्टअप कंपनी के शेयरों की बिक्री से उचित बाजार मूल्य से मिलने वाली पूंजी पर वसूले जाने वाले टैक्स को एंजल टैक्स कहा जाता है। पहले एंजल टैक्स सिर्फ स्थानीय निवेशकों पर ही लगता था लेकिन चालू वित्त वर्ष के बजट में इसका दायरा बढ़ाकर इसे विदेशी निवेशकों पर भी लगाने का प्रावधान किया गया था।

### एयर इंडिया-विस्तारा के मर्जर को सीसीआई ने दी मंजूरी, प्रतिस्पर्धा से बचाव का ये है प्लान

नई दिल्ली। एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस दिल्ली-सिडनी और दिल्ली-पेरिस सहित विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों पर न्यूनतम क्षमता सुनिश्चित करेंगी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक सितंबर को एयर इंडिया के साथ विस्तारा के प्रस्तावित विलय को मंजूरी दे दी, जिसमें सिंगापुर एयरलाइंस भी एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। प्रस्तावित विलय के कारण प्रतिस्पर्धा संबंधी कुछ चिंताएं नियामक ने उठाई थीं और उन्हें दूर करने के लिए विमानन कंपनियों ने विलय के संबंध में कुछ प्रतिबद्धताएं जताई हैं। प्रतिबद्धताओं के अनुसार, एयर इंडिया ने स्वेच्छा से घरेलू और विदेशी मार्गों पर कुछ अतिव्यापी ओ एंड डी (उत्पत्ति और गंतव्य) पर न्यूनतम क्षमता/आपूर्ति स्तर बनाए रखने की पेशकश की है। सीसीआई के 73 पन्नों के आदेश के अनुसार घरेलू खंड में भुवनेश्वर-दिल्ली, बेंगलुरु-गुवाहाटी, कोचीन-दिल्ली, दिल्ली-तिरुवनंतपुरम, अमृतसर-दिल्ली, भुवनेश्वर-मुंबई और बेंगलुरु-दिल्ली शामिल हैं। जिन अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया न्यूनतम क्षमता/आपूर्ति स्तर बनाए रखेगी, उनमें दिल्ली-सिडनी, दिल्ली-मेलबर्न, दिल्ली-पेरिस और दिल्ली-फ्रैंकफर्ट शामिल हैं।

# भारत में यूपीआई भुगतान प्रणाली 'बड़ी सफलता': वर्ल्डलाइन रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भुगतान सेवा क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर काम करने वाली अग्रणी कंपनी वर्ल्डलाइन की एक ताजा रिपोर्ट में भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को 'एक बड़ी सफलता' बताते हुए कहा गया है कि यूपीआई के माध्यम से लेनदेन की संख्या जनवरी 2018 में 15.1 करोड़ की तुलना में बढ़कर जून 2023 में 9.3 अरब तक पहुंच गई।

भारत में पहली छमाही (जनवरी से जून 2023) में डिजिटल भुगतान पर अपनी रिपोर्ट में बर्ल्डलाइन ने कहा है कि लोगों द्वारा दुकान पर किये जाने वाले भुगतान यानी पर्सन 2मर्चेंट (पी2एम लेनदेन) में इजाफा हो रहा है और जून 2023 में सभी यूपीआई लेनदेन में पी2एम का योगदान 57.5 प्रतिशत था।

रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष जनवरी में यूपीआई से लेनदेन की संख्या 4.6 अरब थी जो जून 2023 में बढ़कर 9.3 अरब हो गई ।

रिपोर्ट के अनुसार मोबाइल फोन से डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिल रहा है। वर्ष 2023 की पहली छमाही में मोबाइल लेनदेन की संख्या पिछले साल की इसी अवधि के 33.55 अरब की तुलना में 52.15 अरब रही।

रिपोर्ट में यूपीआई को एक बड़ी सफलता के रूप में दर्शाया गया है और अनुमान लगाया गया है कि यह भारत में भुगतान क्षेत्र में अन्य प्रणालियों के उपर हावी होगी।

जनवरी 2022 में, सभी यूपीआई भुगतानों में पी2एम का हिस्सा 40.3 प्रतिशत जो जून 2023 में बढ़ कर 57.5 प्रतिशत हो गया। वर्ल्ड लाइन के अनुसार यह हिस्सा और बढ़ने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार अब यूपीआई से भुगतान के औसत आकार के घटने से भी यूपीआई और उसमें भी पी2एम लेनदेन के भविष्य में और फैलने का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई पी2एम लेनदेन का औसत आकार जनवरी 2022 में 885 रुपये था जो जून 2023 में घटकर 653 रुपये हो गया। वर्ल्डलाइन के अनुसार इससे यह दिखता है कि अब माइक्रो (बहुत




छोटी रकम के) लेनदेन के लिए यूपीआई का तेजी से उपयोग किया जा रहा है, जो यूपीआई के और मजबूत होने का संकेत देता है।

भारत में वर्ल्डलाइन के मुख्य अधिशासी अधिकारी रमेश नरसिम्हन का कहना है,

' हर गुजरता महीना डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाए जाने का प्रमाण है। 2023 की पहली छमाही को देखते हुए, मैं खुद को भारत में सामने आने वाले भुगतान रुझानों के बारे में और भी अधिक आशावादी पाता हूँ; यूपीआई का प्रभावशाली प्रदर्शन, क्रेडिट कार्ड के उपयोग में वृद्धि, मोबाइल भुगतान की मात्रा में उछाल और पी2एम लेनदेन के छोटे टिकट आकार में बढ़ोतरी। यह सब इंगित करता है कि देश का व्यापक हिस्सा, ग्रामीण और शहरी, डिजिटल भुगतान को अपना रहा है।

वर्ल्डलाइन इंडिया इनसाइट्स रिपोर्ट से पता चलता है कि 2023 की पहली छमाही में भौतिक प्रतिष्ठानों की श्रेणी में यूपीआई से किए गए कुल लेनदेन में संख्या के हिसाब से लगभग 65 प्रतिशत और कुल मूल्य के हिसाब से लगभग 50 प्रतिशत भुगतान किराना स्टोर, रेस्तरां, सर्विस स्टेशन, कपड़े की दुकान, सरकारी सेवाओं, फार्मेसियों और अस्पतालों जैसे वाणिज्यक श्रेणी के प्रतिष्ठानों में किया गया जो लोग अक्सर आते जाते रहते हैं। इसी तरह ई-कॉमर्स, गेमिंग, यूटिलिटीज, सरकारी और वित्तीय सेवाओं ने ऑनलाइन क्षेत्र में कुल लेनदेन मात्रा के हिसाब से 80 प्रतिशत से अधिक और मूल्य के हिसाब से 75 से अधिक का योगदान था।

रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई भुगतान के मामले में शीर्ष 10 राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल का स्थान है।

रिपोर्ट भारत में डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के बारे में कहा गया है कि

भुगतान स्वीकृति अवसंरचना चैनलों में जनवरी 2022 और जून 2023 के बीच वृद्धि देखी गई। इस दौरान पीओएस टर्मिनल 44 प्रतिशत बढ़कर 80.9 लाख हो गए, जबकि यूपीआई क्यूआर 79 प्रतिशत बढ़कर 27.2 करोड़ तक पहुंच गया है।

पीओएस टर्मिनलों में वृद्धि को आरबीआई की पीआईडीएफ योजना से भी मदद मिली है, जबकि यूपीआई क्यूआर वृद्धि को यूपीआई स्वीकृति पर हावी निजी कंपनियों द्वारा संचालित किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2022 में यूपीआई लेन-देन 8.3 लाख करोड़ रुपये रुपये से बढ़कर जून 2023 में लगभग दोगुना होकर प्रभावशाली 14.7 लाख करोड़ रुपये हो गया।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ग्रामीण भारत में यूपीआई की पैठ भी बढ़ी है।

इस वर्ष पहली छमाही से पिछले साल पहली छमाही की तुलना करें तो ग्रामीण इलाकों में यूपीआई लेनदेन की संख्या 62 बढ़कर 31.95 अरब से 51.91 अरब हो गई। इसी तरह इन इलाकों में पिछले वर्ष पहली छमाही में 56.59 लाख करोड़ रुपये मुल्य के यूपीआई लेनदेन हुए थे जो इस वर्ष पहली छहामी में 47 प्रतिशत वृद्धि के साथ 83.17 लाख करोड़ रुपये के बराबर रहा। इस दौरान वहां औसत भुगतान का आकार 1774 रुपये से 10 प्रतिशत कम होकर 1604 रुपये रहा।

# फुटवियर एवं सम्बद्ध उद्योगों ने राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मनाया

नयी दिल्ली । केंद्र सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के अधीन उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी), द्वारा सभी प्रकार के फुटवियर्स पर बीआईएस गुणवत्ता मानको की बाध्यता को लागू करने के विरोध में 13 राज्यों के फुटवियर निर्माताओं, और उनसे सम्बद्ध उद्योगों ने दिनांक कल विरोध दिवस मनाया ‌ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन अखिल भारतीय एमएसएमई फुटवियर कौन्सिल द्वारा किया गया था ‌ फुटवियर उधोगों से सम्बंधित संगठनो के पदाधिकारियों एवं एमएसएमई मालिकों ने बताया कि कम मूल्य वर्ग के फुटवियर उत्पादों पर बी आई एस मानदंड लागू करना न तो आर्थिक दृष्टि से एवं न तकनीकी दृष्टि से व्यावहारिक है, इस अवसर पर आल इंडिया एमएसएमई फुटवियर कौन्सिल के राष्टीय अध्यक्ष वी के सी रज्जाक ने कहा कि बीआइएस गुणवत्ता मानक फुटवियर के विनिर्माण, उत्पादन प्रक्रिया, उपयोग किये जाने वाले कच्चे माल के प्रकार और फुटवियर उत्पादों की श्रेणियों पर विचार किये बिना निर्धारित किये गये हैं जो कि अव्यवहारिकहैं।

श्री धर्मेन्द्र नरूला, आल इंडिया एमएसएमई फुटवियर कौन्सिल के संयोजक धर्मेंद्र नरूला ने बताया कि केन्द्रीय वाणिज्य एवं उधोग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 5 अगस्त को बुलाई गई बैठक में अनिवार्य बीआईएस मानदंडो के लागू करने में तकनीकी और व्यावहारिक बाधाओं को हल करने के लिये कई निर्णय लिये गये थे मंत्री ने उठाये गये मुद्दों पर बीआईएस मानदंडो को सरल, व्यावहारिक व वैज्ञानिक बनाने के लिये अनेक सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया था ‌ इसमें एक फैक्ट्री एक लाइसेंस, कम परीक्षण केवल तैयार माल पर, परीक्षणों में लम्बा अन्तराल, वर्तमान परिद्रश्य में रासायनिक परीक्षणों की व्यवहारिता, 31 दिसम्बर से पहले निर्मित स्टॉक को बेचने का समय और दोबारा प्रसंस्कृत की हुई सामग्री का उपयोग करने के विकल्प शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों की और से उपयुक्त संशोधन के सुझाव न आने के कारण इनमे से कोई भी कार्य अभी तक अमल में नहीं आया है यह स्थिति गतिरोध उत्पन्न कर रही है।

हालाँकि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी), ने कहा है कि सूक्ष्म और लघु उधोग इकाईयां अनिवार्य बीआईएस मानदंडो के दायरे में नहीं आती हैं, लेकिन फुटवियर निर्माताओं के अनुसार बीआईएस के विभिन्न परिपत्र इस बात को स्वीकार नहीं करते हैं।

फुटवियर निर्माता और उनसे सम्बद्ध उद्योगों के संगठनो के पदाधिकारी सरकार से एक निर्णायक आदेश की मांग कर रहे हैं जो एमएसएमई इकाईयों को अनिवार्य बीआईएस मानदंडो की बाध्यता से मुक्त कर राहत दे।

फुटवियर निर्माताओं ने सरकार से फुटवियर, फैशन फुटवियर, स्कूल शूज व आम उपयोग के अन्य सभी प्रकार के चप्पल जूतों पर मैंडेटरी बी आई एस की जगह इसे ऑप्शनल करने की मांग की।

फुटवियर निर्माताओं एवं कर्मचारियों ने विभिन्न राज्यों में अपने कारखानों के सामने बैनर उठाकर विरोध दिवस में भाग लिया।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों का रुझान भी मिश्रित रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 58 रिंगिट गिरकर 3617 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की तेजी के साथ 57.64 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 147 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही जबकि मूंगफली तेल 229 रुपये और वनस्पति तेल के भाव 133 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे। अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे।

## एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज ने उज्जीवन एसएफबी से मिलाया हाथ

नयी दिल्ली। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड ने आज उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की जिसका उद्देश्य बैंक के ग्राहकों को ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह गठजोड़ उज्जीवन एसएफबी के ग्राहकों को परेशानी मुक्त और सुविधाजनक ट्रेडिंग अनुभव प्रदान करते हुए बचत, डीमैट और ट्रेडिंग खातों से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध कराएगा।

इस साझेदारी के दम पर और उज्जीवन एसएफबी की व्यापक अखिल भारतीय उपस्थिति का लाभ उठाकर, जहाँ यह बैंक 76 लाख से अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा है, एसएमसी ग्लोबल अपने ग्राहक आधार का पूरी सक्षमता से विस्तार करेगा।

साझेदारी की इस व्यवस्था के तहत एसएमसी ग्लोबल उज्जीवन एसएफबी ग्राहकों के ट्रेडिंग और डीमैट खातों के रिलेशन को हैंडल करेगा।

कंपनी एसएमसी बैंक के ग्राहकों को पूर्ण और डिस्काउंट ब्रोकरेज सेवाएँ प्रदान करेगा।

उज्जीवन एसएफबी के मौजूदा ग्राहक उज्जीवन एसएफबी मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से डीमैट खाता खोल सकते हैं।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड के निदेशक और सीईओ अजय गर्ग ने कहा, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ हाथ मिलाना एसएमसी के लिए प्रतिष्ठा की बात है, क्योंकि यह साझेदारी बैंक के ग्राहकों को मोबाइल और डेस्कटॉप दोनों पर तेज़, सुरक्षित और परेशानी मुक्त व्यापार और निवेश अनुभव प्रदान करने का वादा करती है।

यह साझेदारी एसएमसी ग्लोबल को पूरे भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज करने और अपने ग्राहक आधार को मज़बूत बनाने में मदद करेगी।

## विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के 10,000 से अधिक दावे स्वीकार

नयी दिल्ली। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को एक बड़ी राहत देते हुए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों ने विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के 10,000 से अधिक दावों को स्वीकार किया गया है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई को कोविड-19 के महामारी काल के लिए राहत प्रदान करना है। इससे एमएसएमई को 256 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान प्राप्त हुआ है और इससे गारंटी मुक्त करने के माध्यम से बैंक ऋण का प्रवाह बढ़ा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 116.47 करोड़ रुपये की सर्वाधिक राहत प्रदान की गई। इसमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एजेंसियों द्वारा निपटाए गए दावे और भुगतान की गई राशि शामिल है। एमएसएमई के लिए विवाद से विश्वास एक राहत योजना की घोषणा वित्त मंत्री ने बजट भाषण 2023-24 में की थी। यह योजना वित्त मंत्रालय द्वारा 17 अप्रैल 2023 को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई थी। इस योजना के तहत राहत के लिए जीईएम पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 थी। जीईएम ने इस योजना के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित किया था। व्यय विभाग ने 11 अप्रैल 2023 को दावा दायर करने की योजना और प्रक्रिया का विवरण देते हुए निर्देश जारी किया था। बाद में निर्माण कार्य खरीद और आय अनुबंधों को शामिल करने के लिए योजना का दायरा बढ़ाया गया। योजना के तहत कम की गई निष्पादन सुरक्षा, बोली सुरक्षा और परिसमाप्त क्षति के 95 प्रतिशत के रिफंड के माध्यम से राहत प्रदान की गई थी। अनुबंधों के निष्पादन में चूक के कारण वंचित एमएसएमई को भी राहत प्रदान की गई।

# मोटो जीपी में 9.3 अरब का हुआ कारोबार

लखनऊ। भारत में पहली बार संपन्न हुयी मोटो जीपी की मेजबानी करने वाले उत्तर प्रदेश ने तीन दिवसीय इवेंट के दौरान 9.33 अरब रूपये से अधिक का कारोबार किया है।

ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में मात्र तीन दिनों में 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपए से भी ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां हुईं। 22 से 24 सितंबर के बीच बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो जीपी, मोटो 2 और मोटो 3 रेस के दौरान दुनिया की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने अपनी रफ्तार से भारतीय फैंस को रोमांचित किया।

इस रेस का लुत्फ उठाने के लिए तीन दिनों में एक लाख से अधिक विजिटर्स यहां पहुंचे और उन्होंने रफ्तार और रोमांच से भरी इस रेस का अपनी आंखों से अवलोकन किया। इन एक लाख विजिटर्स में से 10 हजार से 15



हजार के बीच विदेशी विजिटर्स शामिल रहे।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 22 से 24 सितंबर के बीच सभी दिन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर विजिटर्स की भारी भीड़ रही। सर्वाधिक विजिटर्स मोटो जीपी की फाइनल रेस के दिन उपस्थित रहे। करीब 50 हजार विजिटर्स ने मार्को बेजेची को रोमांचक मुकाबले में विनर बनते और सीएम योगी को उन्हें ट्रॉफी प्रदान करते हुए देखा। वहीं, दूसरे दिन करीब 30 हजार विजिटर्स ने क्वालीफाईंग और रेस का नजारा देखा तो शुक्रवार को करीब 15 हजार विजिटर्स बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। इसके अलावा 21 सितंबर को भी प्रैक्टिस रेस देखने के लिए हजारों की संख्या में विजिटर्स यहां पहुंचे थे। टीमों के साथ भी 5000 से ज्यादा विदेशी स्टाफ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहुंचा था, तो वहीं 150 के करीब इंटरनेशनल और नेशनल मीडिया के लोग भी इवेंट को कवर करने के लिए मौजूद थे।

भारत में पहली बार आयोजित हुई मोटो जीपी का व्यापक आर्थिक प्रभाव भी पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस ग्लोबल इवेंट के दौरान विभिन्न माध्यमों के जरिए 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपए से ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां संचालित हुईं। इसमें ट्रैक के विकास और बुनियादी ढांचे में 50 करोड़ रुपए का पर्याप्त निवेश शामिल है। इन आर्थिक गतिविधियों का लाभ ग्रेटर नोएडा में होटल इंडस्ट्री, रेस्टोरेंट, परिवहन, हॉस्पिटैलिटी समेत कई सेक्टर्स को मिला है। इस इवेंट के दूरगामी परिणाम भी देखने को मिलने वाले हैं, क्योंकि सीएम योगी की अपील पर कई बड़े ब्रांड्स उत्तर प्रदेश में अपने निवेश का विस्तार करने का मन बना रहे हैं और मोटो जीपी की सफलता इसमें अहम भूमिका निभा सकती है।

## पीडब्ल्यू ने दिल्ली में ऑफ़लाइन ईएसई, गेट और एसईएस सेंटर की शुरू

नयी दिल्ली। एडटेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने प्रतिस्पर्धी परीक्षा कोचिंग के परिदृश्य को बदलने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और राजधानी दिल्ली में अपने पहले ऑफ़लाइन ईएसई, गेट और एसईएस (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) सेंटर की शुरुआत की है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि साकेत सेंटर की शुरुआत के साथ, पीडब्ल्यू अब विशेष रूप से ईएसई, गेट और एसईएस में सफलता के इच्छुक छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपना विस्तार कर रहा है। ये इंजीनियरिंग के अभ्यर्थियों के लिए सभी प्रमुख परीक्षाएं है।

इंजीनियरिंग के इच्छुक उम्मीदवारों को उत्कृष्ट प्रदर्शन में मदद के लिए पीडब्ल्यू साकेत सेंटर में दो विशेष पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। गेट 2025 1-ईयर फाउंडेशन कोर्स और ईएसई प्लस, गेट प्लस शामिल है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू है। कक्षायें 15 दिसंबर से शुरू होंगी।

नया सेंटर इंजीनियरिंग छात्रों को एक फोकस्ड और गहन शैक्षिक माहौल उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पीडब्ल्यू का लक्ष्य छात्रों को ईएसई, गेट और एसईएस परीक्षा की व्यापक तैयारी, व्यक्तिगत सलाह और अत्याधुनिक शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच के साथ सशक्त बनाना है। हम इन छात्रों को अच्छे अंक प्राप्त करने और इंजीनियरिंग क्षेत्र में एक सुनेहरा भविष्य सुरक्षित करने के लिए तैयार करना चाहते हैं।

ऑनलाइन फिजिक्स वाला के सीईओ अभिषेक मिश्रा ने कहा, दिल्ली में पहला ईएसई, गेट और एसईएस सेंटर शुरू करना, हमारे मिशन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम व्यापक अनुभवों के माध्यम से छात्रों को शिक्षित कर सशक्त बनाने बनाना चाहते हैं। हम समर्पित कोर्सेज़, व्यक्तिगत परामर्श और चौबीस घंटे सहायता उपलब्ध करा, भावी इंजीनियरों को सफलता के लिए तैयार कर रहे हैं। यह सेंटर 12 शहरों में 50,000 से अधिक छात्रों तक पहुंचने और उनके जीवन में बदलाव लाने की हमारी यात्रा की शुरुआत है। इसके साथ ही, हम अनगिनत महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए ज्ञान को सुलभ और प्रभावशाली बनाने की अपनी यात्रा जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

## बंधन रिटायरमेंट फंड की घोषणा, एनएफओ 28 सितंबर को खुलेगा

नयी दिल्ली। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की और यह नया फंड ऑफर (एनएफओ) 28 सितंबर को खुलेगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसका उद्देश्य निवेशकों को उनके सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए इक्विटी, ऋण और अन्य निवेश माध्यमों के मिक्स में निवेश करके लंबी अवधि में निवेश किए गए पैसे पर अच्छा खासा रिटर्न प्रदान करना है। फंड की प्रभावशाली एसेट आवंटन रणनीति निवेशकों को बाजार में गिरावट के दौरान संभावित गिरावट को कम करते हुए इक्विटी बाजार में तेजी से भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। उसने कहा कि नया फंड ऑफर 28 सितंबर को निवेश के लिए खुलेगा और 12 अक्टूबर को बंद होगा। बंधन रिटायरमेंट फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सीधे कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से भी निवेश किया जा सकता है। बंधन एएमसी लिमिटेड के सीईओ विशाल कपूर ने कहा आम लोगों की औसत आयु में लगातार बढ़ोतरी, जीवन यापन की बढ़ती लागत और बढ़ती हेल्थकेयर मुद्रास्फीति निवेशकों की बचत को कम कर सकती है, जिससे रिटायरमेंट की योजना बनाना प्रासंगिक हो जाता है।

## शार्ट न्यूज

### राजकोट में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा भारत

राजकोट। अगले महीने विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी श्रृखंला के तीसरे और आखिरी एक दिवसीय मैच में बुधवार को क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगा। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच में कप्तान रोहित शर्मा,विराट कोहली और कुलदीप यादव मैदान पर दिखेंगे जबकि इन फार्म बल्लेबाज शुभमन गिल,शार्दुल ठाकुर के अलावा मोहम्मद शमी को आराम दिया जायेगा। पहले दो मैचों को जीत कर भारत पहले ही सीरीज पर कब्जा कर चुका है,ऐसे में उसका प्रयास आस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल कर विश्व कप से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करना होगा। दूसरी ओर अपने प्रमुख गेंदबाजों के बगैर पहले दो मैच खेलने वाली आस्ट्रेलिया का इरादा मेजबान टीम को उनके घर में हरा कर न सिर्फ अपने आत्मविश्वास को लौटाने का होगा बल्कि यहीं खेले जाने वाले वर्ल्ड कप की तैयारियों को हवा देने का होगा। बल्लेबाजों के लिये मुफीद एससीए की पिच पर रनो की बरसात दर्शकों में रोमांच पैदा करेगी, ऐसे में गेंदबाजों को कड़े इम्तिहान से गुजरना होगा।

### महिला किकबॉक्सिंग लीग में हरियाणा विजेता व हिमाचल उप विजेता

शिमला। शिमला के शिलारू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के राजीव गाँधी उच्च ऊंचाई प्रशिक्षण केंद्र में भारतीय किकबॉक्सिंग महासंघ (वाको इण्डिया) की ओर से आयोजित प्रथम खेलो इंडिया महिला किकबॉक्सिंग में हरियाणा की टीम विजेता रही जबकि मेजबान हिमाचल प्रदेश उपविजेता रही। खेलो इण्डिया महिला किकबॉक्सिंग लीग का समापन अमित पाल सिंह ,हिव प्रव किकबॉक्सिंग के अध्यक्ष द्वारा किया गया। केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा किकबॉक्सिंग खेल को खेलो इण्डिया कार्यक्रम में शामिल करने पर महिला किकबॉक्सिंग लीग की शुरुआत हिमाचल प्रदेश के शिमला से की गई। इस खेल महाकुंभ में पूरे देश भर की लगभग सभी राज्यों की 80 महिला खिलाड़ी विभिन्न भार वर्गों में तथा विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। हिमाचल प्रदेश की टीम में 23 महिला खिलाड़ियों ने प्रदेश की झोली में ग्यारह स्वर्ण पदकों के साथ पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल किया, विजेता टीम हरियाणा रही। उदघाटन समारोह में मुख्यतिथि के रूप में हिव प्रव किकबॉक्सिंग के अध्यक्ष अमित पाल सिंह ने शिरकत की। वाको इण्डिया किकबॉक्सिंग फ़ेडरेशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग संघ के महासचिव डॉव संजय कुमार यादव सहित साई शिलारू केंद्र के इंचार्ज अंकुश कटोच ने भी महिला खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई की।

### 2024 में फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत

लखनऊ। 22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉर्मेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कार्मेलो ने योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कार्मेलो ने कहा मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी भारत के आर्थिक प्रभाव पर भी चर्चा की।

### नेहा ठाकुर को नौकायन (सेलिंग) में रजत, इबाद अली को पुरूष नौकायन में कांस्य

हांगझोउ। नौकायन मुकाबलों में मंगलवार को भारत की नेहा ठाकुर के डिंगी पाल नौकायन (सेलिंग) स्पर्धा में रजत जीतने के बाद हमवतन इबाद अली ने पुरूष नौकायन में कांस्य पदक जीत लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज भारत की 17 वर्षीय नाविक नेहा ठाकुर ने लड़कियों की डिंगी आईएलसीए 4 स्पर्धा में 11 रेसों में कुल 27 अंकों के साथ रजत पदक जीता। नौकायान में भारत के लिए ये पहला पदक है। थाईलैंड की नोपासोर्न खुनबूनजान ने 16 अंकों के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि सिंगापुर की केइरा मैरी कार्लाइल ने 28 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। आज के दिन भारत को नौकायन में ही दूसरा पदक मिला। इबाद अली ने पुरूषों की विंडसर्फर आरएस एक्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। इबाद अली पुरुषों की विंडसर्फर आरएस एक्स स्पर्धा में 52 के नेट स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के नत्थाफोंग फोनोपराट को 29 स्कोर के साथ रजत और दक्षिण कोरिया के चो वोनवू ने 13 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला।

### सामने आया दक्षिण और उत्तर कोरिया का विवाद

नई दिल्ली। एशियाई खेल 2023 का आयोजन चीन का हांगझोऊ शहर में हो रहा है। यह इवेंट शुरुआत से ही विवादों में रहा है और अब इनकी संख्या बढ़ रही है। एशियाई खेलों का आयोजन 2022 में होना था, लेकिन कोविड के खतरे के चलते इनका आयोजन एक साल बाद हो रहा है। वहीं, चीन की तरफ से अरुणाचल के खिलाड़ियों को नत्थी वीजा दिए जाने के बाद विवाद बढ़ा था। अब उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के एथलीट के बीच मनमुटाव स्टेडियम में खुलकर सामने आया और इस दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना का भी सम्मान नहीं किया। शूटिंग में दक्षिण कोरिया की पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, उत्तर कोरिया ने रजत और इंडोनेशिया ने कांस्य पदक जीता। इसके बाद सभी खिलाड़ियों को पदक दिए गए। रीति रिवाज के अनुसार सभी पदक जीतने वाले खिलाड़ी साथ में एक फोटो खिंचाते हैं, लेकिन उत्तर कोरिया के शूटर्स ने दक्षिण कोरियाई शूटर्स के साथ फोटो खिंचाने से इंकार कर दिया। उत्तर कोरिया की टीम में शामिल तीनों एथलीट ने राष्ट्रगान के दौरान दक्षिण कोरिया के झंडे की ओर मुड़ने से भी मना कर दिया। मेडल मिलने के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले दक्षिण कोरिया और कांस्य पदक जीतने वाले इंडोनेशिया के खिलाड़ी साथ में फोटो के लिए आए, लेकिन उत्तर कोरिया का खिलाड़ी दक्षिण कोरिया के निशानेबाजों से दूर रहे।

### वनडे वर्ल्ड कप के लिए श्रीलंका टीम का ऐलान

वनडे वर्ल्ड कप के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। श्रीलंका का पहला मुकाबला 7 अक्टूबर को दिल्ली में साउथ अफ्रीका से होगा। दसुन शनाका को टीम का कप्तान बनाया गया है। वर्ल्ड कप 2023 के लिए कुसल मेंडिस को उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं चोट की वजह से लेग स्पिनर वानिंदु हसारंगा बाहर हो गए हैं। वर्ल्ड कप 2023 के लिए श्रीलंका स्क्वॉड: दसुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (उपकप्तान), कुसल परेरा, पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चरिथ असालंका, धनंजय डी सिल्वा, दुशन हेमंथ, महीश तीक्षणा, दुनिथ वेलालगे, कसुन रजिथा, मथीश पथिराना, लहिरु कुमारा और दिलशान मदुशंक। रिजर्व प्लेयर: चमिका करुणारत्ने । पिछले दिनों खत्म हुई लंका प्रीमियर लीग में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे लेग स्पिनर वनिंदु हसारंगा फाइनल नहीं खेल सके थे। बी-लव कैंडी टीम की कप्तानी करते हुए उन्होंने टीम को खिताब जिताया था। टूर्नामेंट के बाद उनकी इंजरी बढ़ गई और वह एशिया कप से भी बाहर हो गए थे। भारत में अक्टूबर-नवंबर में 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड होगा, जिसमें 48 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 5 अक्टूबर को पिछले वर्ल्ड कप की विजेता और उप-विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में होगा।

# एशियाई खेल : भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराया

**हांगझोउ।** भारत की पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने मंगलवार को पूल ए के अपने दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए सिंगापुर को 16-1 से पीट दिया।

आज गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में खेले गये इस मुकाबले में भारत की ओर से मनदीप सिंह ने 12वें, 30वें, 51वें, ललित उपाध्याय ने 16वें, गुरजंत सिंह ने 22वें, विवेक सागर प्रसाद ने 23वें, हरमनप्रीत सिंह ने 24वें, 39वें,40 वें, 42वें , मनप्रीत सिंह ने 37वें, समशेर सिंह ने 38 वें, अभिषेक ने 51वें , 52वें और वरुण कुमार ने 55 वें, 56 वें मिनट गोल दागे। सिंगापुर के लिए एक मात्र गोल मुहम्मद जकी बिन




जुल्कारनैन ने 53 वें मिनट में किया। इस जीत के साथ, तीन बार के एशियाई चैंपियन भारत ने पूल ए में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में भिडेंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मैच में भारत की पुरुष हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान पर 16-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि सिंगापुर को अपने शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान से 11-0 से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

उज्बेकिस्तान मैच से बाहर रहने के बाद अपने करिश्माई कप्तान हरमनप्रीत सिंह के प्लेइंग इलेवन में लौटने के साथ, भारत ने तुरंत आक्रमण शुरू कर दिया। भारत ने प्रतिद्वंद्वी के हाफ में बढ़त बनाना जारी रखा और मैदानी गोल से स्कोरिंग की शुरुआत की। मनदीप सिंह ने गतिरोध को तोड़ने के लिए गुरजंत सिंह से एक पास को पुनर्निर्देशित किया। पहला क्वार्टर भारत की बढ़त 1-0 रही। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

# एशियाई खेल : भवानी देवी तलवारबाजी में पदक चूकीं

हांगझोउ। भारत की स्टार तलवारबाज भवानी देवी मंगलवार को महिलाओं की साबरे स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में चीन की शाओ याकी से हारकर एशियाई खेल 2023 में देश के लिए तलवारबाजी में पहला पदक जीतने से चूक गईं।

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज हांगझोउ डियानज़ी यूनिवर्सिटी जिम्नेजियम में हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भावनी दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी चीन की शाओ से 7-15 से हार गईं।

एशियाई खेलों में पहले मेडल से एक जीत दूर रही ओलंपियन भवानी देवी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में शानदार शुरूआत की। उनकी चीनी प्रतिद्वंद्वी ने हालांकि 3 के मुकाबले 7 टच के जरिये 8-3 की बढत बना ली। दूसरे चरण में भवानी ने चार बार और उसे छुआ लेकिन वह काफी नहीं था। नॉकआउट में 15 टच तक पहले पहुंचने वाला विजयी होता है और शाओ ने दूसरे चरण में आसानी से इस आंकड़े को पा लिया।

इससे पहले भवानी ने अपने पूल में शीर्ष पर रहकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। भवानी देवी ने अपने पांचों प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर पूल में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने पहले सिंगापुर की जूलियट जी मिन हेंग को 5-2 से हराया। उसके बाद सउदी अरब की अलहस्ना अलअम्माद को 5-1 से मात दी। उन्होंने कारिना डोसपे को 5-3 से हराने के बाद उजबेकिस्तान की जेनब दायिबेकोवा और बंगलादेश की रूकसाना खातून को 5-1 के अंतर से हराया।

## झारखंड के पास जूनियर ( अंडर 17 ) गर्ल्स सुब्रतो कप खिताब बरकरार

नई दिल्ली। सेंट पैट्रिक हाई स्कूल, गुमला, झारखंड ने 62वें सुब्रतो कप जूनियर (अंडर 17) गर्ल्स इंटर स्कूल इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में जीएसएसएस अलखपुरा, भिवानी, हरियाणा को एक रोमांचक फाइनल में 3-0 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की। सुब्रतो कप की अंडर 17 गर्ल्स केटेगरी का फाइनल यहाँ डॉ बीआर अंबेडकर स्टेडियम में खेला गया। विजेताओं के लिए अनिता डुंगडुंग ने दो और शुलिना डांग ने एक गोल किया। एयर मार्शल एपी सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वायु सेना उपप्रमुख ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। फेयर प्ले ट्रॉफी और 50 हजार रुपये का चेक वसंत वैली स्कूल, नई दिल्ली को स्वर्गीय एचएफओ वी.एन. सिंह की पत्नी द्वारा प्रदान किया गया। सेंट पैट्रिक हाई स्कूल, झारखंड की सूरज मुनि को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए सेफ हैंड ट्रॉफी और 25 हजार रुपये के चेक से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ कोच के लिए सेंट पैट्रिक हाई स्कूल, झारखंड की बीना केरकेटा को 25 हजार रुपये का चेक दिया गया। जीएसएसएस अलखपुरा, भिवानी, हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ स्कूल के लिए 40 हजार रुपये के चेक से सम्मानित किया गया। अनिता डुंगडुंग को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ट्रॉफी और 40 हजार रुपये के चेक से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के उपविजेता को उपविजेता ट्रॉफी के साथ दो लाख रुपये का चेक एयर मार्शल पी.के घोष, महानिदेशक (प्रशासन) द्वारा प्रदान किए गए। सुब्रतो कप के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा विजेता ट्रॉफी के साथ-साथ साढे तीन लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

# भारत को 41 साल बाद घुड़सवारी में मिला स्वर्ण पदक

हांगझोउ। भारत के हृदय छेदा, अनुष अग्रवाल, दिव्यकृति सिंह और सुदीप्ति हजेला की ड्रेसेज टीम ने मंगलवार को एशियाई खेल घुड़सवारी में स्वर्ण पदक जीता।

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज टोंगलू घुड़सवारी केंद्र में घुड़सवारी टीमों ने स्पर्धा की शुरुआत की, जहां सभी चार भारतीय घुड़सवारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

अपने घोड़े एट्रो पर सवार अनुष अग्रवाल 71.088 अंक के स्कोर के साथ सबसे आगे रहे। केमक्सप्रो एमराल्ड पर सवार हृदय छेदा 69.941 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि दिव्यकृति सिंह ने 68.176 अंक हासिल किए और घोड़े चिन्स्की के साथ सुदीप्ति हजेला ने 66.706 अंक अपने नाम किए।

भारतीय टीम के कुल स्कोर में सर्वश्रेष्ठ



तीन स्कोर अनुष अग्रवाल – 71.088, हृदय छेदा – 69.941, दिव्यकृति सिंह– 68.176 का कुल जोड़ स्कोर 209.205 रहा और उसने स्वर्ण पदक जीता

वहीं चीन की हुआंग झुओकिन (68.176), राव जियायी (69.265) और लैन चाओ (67.441) को संयुक्त जोड़ 204.882 स्कोर रहा और उसे रजत पदक मिला।

हांगकांग, चीन ने चान सामंथा ग्रेस (65.353), हो यूएन यान एनी (68.323) और सिउ जैकलीन विंग यिंग (71.176) का कुल जोड़ स्कोर 204.852 रहा और उसने कांस्य पदक जीता।

व्यक्तिगत रैंकिंग के अनुसार, अनुष अग्रवाल और हृदय छेदा सिउ जैकलीन विंग यिंग के बाद दिन के दूसरे और तीसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। सभी चार भारतीय घुड़सवार बुधवार को व्यक्तिगत ड्रेसेज इंटरमीडिएट 1 चरण में एक्शन में नज़र आएंगे।

उल्लेखनीय है कि 1982 के बाद 41 सात बाद भारत को घुड़सवारी में स्वर्ण पदक मिला है।

### प्रधानमंत्री ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर घुड़सवारी टीम को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय घुड़सवारी टीम को बधाई दी है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, यह अत्यंत गर्व की बात है कि कई दशकों के बाद, हमारी घुड़सवारी ड्रेसेज टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है! हृदय छेदा, अनुष अग्रवाल, सुदीप्ति हजेला और दिव्यकृत सिंह ने टीम के रूप में अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन किया है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारे देश को सम्मान दिलाया है। मैं इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए टीम को हार्दिक बधाई देता हूं। उल्लेखनीय है कि भारतीय घुड़सवारी टीम ने आज एशियाई खेलों में शानदान प्रदर्शन करते हुए 209.205 स्कोर के स्वर्ण पदक जीता।

# यूक्रेन का दावा : 34 रूसी अधिकारियों मारे

## ब्लैक सी नेवल हेडक्वार्टर पर 12 हमले किए, 4 रूसी तोपखानों को भी नुकसान

यूक्रेन ने 22 सितंबर को क्रीमिया में रूस के ब्लैक सी नेवल हेडक्वार्टर पर हमला किया था। रॉयटर्स के मुताबिक, अब यूक्रेन की स्पेशल फोर्स ने दावा किया है कि इस हमले में रूस के ब्लैक सी बेड़े के कमांडर एडमिरल विक्टर सोकोलोव सहित 34 अधिकारियों की मौत हुई थी। हालांकि, इस मामले में अभी रूस के तरफ से कोई बयान नहीं आया है।



यूक्रेन की स्पेशल फोर्स ने कहा- रूस के नेवल हेडक्वार्टर पर यूक्रेनी मिसाइल के हमले में करीब 105 लोग घायल हुए। बिल्डिंग की इतनी बुरी हालत है कि इसे दोबारा खड़ा नहीं किया जा सकता। हमले के बाद रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि उनका एक अधिकारी लापता है। वहीं उन्होंने दावा किया था कि रूसी एयर डिफेंस ने 5 मिसाइलों को मार गिराया है।

### यूक्रेन ने हथियारों के जखीरे और दूसरे मिलिट्री इक्विपमेंट को निशाना बनाया

अल जजीरा के मुताबिक, यूक्रेन की मिलिट्री ने बताया कि एयरफोर्स ने ब्लैक सी में रूस की नेवी के हेडक्वार्टर पर कुल 12 हमले किए गए थे। इसमें हेडक्वार्टर सहित अधिकारियों, हथियारों के जखीरे और दूसरे मिलिट्री इक्विपमेंट को निशाना बनाया गया था। हमले में 2 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम और 4 रूसी तोपखाने भी प्रभावित हुए हैं। यूक्रेन के हमले के बाद शुक्रवार को इसका वीडियो भी सामने आया था। इसमें एक मिसाइल रूसी नौसेना के ब्लैक सी फ्लीट हेडक्वार्टर पर गिरती दिख रही थी। इसके बाद इमारत में आग लग गई थी। बीबीसी के मुताबिक, स्टॉर्म शैडो मिसाइल से हमला हुआ था। ब्रिटेन और फ्रांस इस मिसाइल की सप्लाई यूक्रेन को कर रहे हैं।

### रूस ने 2014 में किया था क्रीमिया पर कब्जा

अगर यूक्रेन के दावे सही हैं, तो 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे के बाद ये यूक्रेन की तरफ से इस क्षेत्र में किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक होगा। दरअसल, यूक्रेन साल 1991 में आजाद हुआ था। क्रीमिया हमेशा से यूक्रेन का हिस्सा नहीं था, बल्कि एक सोवियत नेता ने तोहफे के तौर पर इसे यूक्रेन को सौंपा था।

क्रीमिया में 65 प्रतिशत लोग रूसी मूल के हैं, जबकि 15 फीसदी यूक्रेनी मूल के लोगों की है। साल 2010 में यूक्रेन ने रूस के साथ समझौता किया, जिसके तहत रूसी सेना के बेड़े को 25 साल तक क्रीमिया में रहने की इजाजत दी गई। इसके बदले रूस ने गैस की कीमतें 30 फीसदी कम कर दीं।

मार्च 2014 में क्रीमिया में रूसी शासन के पक्ष में 96 प्रतिशत मतदान हुआ था। यूक्रेन छोड़कर रूस का हिस्सा बनने के लिए क्रीमिया में जनमत संग्रह की तैयारी के साथ यूक्रेन में शीतयुद्ध जैसा सुरक्षा संकट बढ़ गया है। इसके तुरंत बाद रूसी सेना और रूस समर्थक हथियारबंद फौज ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने क्रीमिया में हुए जनमत संग्रह को अमान्य घोषित कर दिया था। ह में इसे लेकर हुए मतदान में 193 में से 100 देशों ने जनमत संग्रह को अमान्य घोषित करने के पक्ष में और 11 ने इसके खिलाफ वोट दिया था, जबकि 58 देशों ने वोटिंग नहीं की थी।

### चीन, यूरोपीय संघ व्यापक आर्थिक नीति समन्वय को मजबूत करेंगे

बीजिंग। चीन और यूरोपीय संघ(ईयू) व्यापक आर्थिक नीति समन्वय को मजबूत करने और वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर सहमत हुए हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापक आर्थिक नीतियों पर संचार और समन्वय को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा जैसी वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने, वैश्विक आर्थिक तथा वित्तीय बाजारों की स्थिरता बनाए रखने और वैश्विक आर्थिक विकास में अधिक विश्वास लाने पर सहमति जतायी है। मंत्रालय के मुताबिक दोनों पक्ष एकपक्षवाद और संरक्षणवाद की नीतियों का संयुक्त रूप से विरोध करने और नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने पर भी सहमत हुए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के लिए खुले रहने और एक-दूसरे की कंपनियों को निष्पक्ष और गैर-भेदभावपूर्ण व्यवसाय वातावरण प्रदान करने का वचन दिया।

### केन्या में करीब एक लाख स्वास्थ्य किटों का वितरण

नैरोबी। पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के तहत सोमवार को करीब एक लाख स्वास्थ्य किटों के वितरण को हरी झंडी दिखाई। रुटो ने कहा कि इन किटों का उपयोग देश भर में सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा किया जाएगा। स्मार्टफोन के माध्यम से करीब एक लाख सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के वितरण में आवश्यक जानकारी प्रसारित करेंगे। रुटो ने केन्या की राजधानी नैरोबी में लॉन्च के दौरान कहा कि केन्यावासियों की देखभाल अब उनके घरों पर पूरी तरह से प्रशिक्षित घरेलू सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा की जाएगी। देश की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगभग 70 प्रतिशत मामले रोकथाम योग्य बीमारियों के कारण होते हैं लेकिन अब इन बीमारियों का पता सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा लगाया जा सकता है।

### सुरक्षाकर्मियों ने अपहृत 16 लोगों को छुड़ाया

अबुजा। नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत जामफारा में शुक्रवार को एक विश्वविद्यालय पर हुए हमले के बाद अपहृत 16 लोगों को सुरक्षाकर्मियों ने छुड़ा लिया है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फेडरल यूनिवर्सिटी गुसाऊ ने एक्स पर कहा कि बचाए गए 16 लोगों में 13 छात्र और तीन कर्मचारी शामिल हैं। बयान में कहा गया, सेना के समर्पित सदस्यों द्वारा संचालित बचाव अभियान ने हमारे नागरिकों की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस तरह से शुक्रवार तड़के घटित हुई इस घटना के बाद से अब तक बचाए गए लोगों की संख्या 22 हो गई है। उधर, सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध हमलावरों के साथ गोलीबारी के बाद उसी दिन छह लोगों को बचाया गया था। वहीं जामफरा के गवर्नर के प्रवक्ता मुगिरा यूसुफ ने कहा था कि विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों सहित कम से कम 35 लोगों का अपहरण कर लिया गया।

### तुर्किये में 72 संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार

अंकारा। तुर्किये के सुरक्षा बलों ने सात प्रांतों में मादक पदार्थ विरोधी अभियानों में कम से कम 72 संदिग्ध तस्करों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान एग्री, मुगला, दियारबाकिर, तेकिरदाग, साकार्या, आयडिन और बिंगोल प्रांतों में चलाए गए। इस दौरान सकरिया में 9.5 किलोग्राम भांग और 0.5 किलोग्राम वजन वाले विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए गए। वहीं बिंगोल में 13 किलोग्राम भांग और आयडिन में लगभग 2.2 किलोग्राम भांग और 1.6 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया गया। इसके अलावा तेकिरदाग में लगभग 15,680 नशीली गोलियां, दियारबाकिर में 80 किलोग्राम पाउडर वाली भांग, 834,000 भांग के पौधे आदि और मुगला और एग्री में क्रमश: 2 किलोग्राम और 25 किलोग्राम तरल मेथामफेटामाइन जब्त किए गए।

## नाजी सैनिक के सम्मान पर ट्रूडो ने माफी मांगी

### कहा- ये पूरे कनाडा के लिए शर्मिंदगी की बात; विपक्ष बोला- सारा दोष प्रधानमंत्री का है।

ओटावा। कनाडा की संसद में पूर्व नाजी सैनिक यारोसलाव हुंका का सम्मान किए जाने पर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा है कि ये सिर्फ संसद नहीं पूरे देश के लिए शर्मिंदगी की बात है। घटना काफी निराश करने वाली है। ट्रूडो ने कहा- स्पीकर ने अपनी गलती मान ली है और उन्होंने माफी भी मांगी है। हालांकि, कनाडा की विपक्षी पार्टी स्पीकर के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है।

दरअसल, कनाडा के पीएम ऑफिस ने जानकारी दी है कि उन्हें इस बात की भनक तक नहीं थी कि संसद में नाजी सैनिक को किसके कहने पर बुलाया गया। बाद में जांच में सामने आया है कि हुंका को स्पीकर एंथनी रोटा ने बुलाया था।



सीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा की संसद ने नाजी सैनिक को 2 बार स्टैंडिंग ओवेशन दिया था। इस दौरान संसद में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी मौजूद थे। जो खुद के यहूदी होने के दावा करते हैं। वो जंग शुरू होने के बाद पहली बार कनाडा के दौरे पर आए थे। विपक्षी पार्टी ने कहा है कि इस मामले में स्पीकर का माफी मांग लेना काफी नहीं है।

#### ट्रूडो ने कहा रूस इसका फायदा उठाएगा

यूक्रेन से जंग की शुरुआत से लेकर रूस दावा करता आ रहा है कि वो नाजियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। ट्रूडो ने कहा है कि रूस अब कनाडा की घटना का फायदा उठाएगा। हमें रूसी प्रोपोगैंडा को रोकने की जरूरत है। वहीं, कनाडा की कंजरवेटिव पार्टी के लीडर पीयरे पोलिवर ने सारा दोष जस्टिन ट्रूडो पर डाला है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय को स्पीकर की तरफ से इनवाइट किए गए लोगों की लिस्ट को चेक करना चाहिए था। उन्होंने ट्रूडो के प्रश्नकाल के दौरान संसद में मौजूद नहीं रहने की भी आलोचना की।

### आर्मेनिया में गैस स्टेशन पर विस्फोट , 200 से अधिक घायल

येरेवान। आर्मेनिया के नागोर्नो-करबाख की राजधानी स्टेपानाकर्ट के पास एक गैस स्टेशन पर विस्फोट में 200 से अधिक लोग घायल हो गए। आर्मेनियाई मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आर्मेनियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने आर्मेनप्रेस समाचार एजेंसी को बताया कि विशेषज्ञ स्टेपानाकर्ट के सहयोगियों के संपर्क में हैं और उन्हें सलाहकार सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार हेलीकॉप्टर द्वारा घायलों को आर्मेनिया के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। अजरबैजानी राष्ट्रपति के प्रशासन ने कहा कि राजधानी बाकू से घायलों के लिए स्टेपानाकर्ट में बर्न रिलीफ किट, ड्रेसिंग, दस्ताने और दवाओं के साथ एक एम्बुलेंस सहायता प्रदान की गयी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### एनएचआरसी ने ट्रांसजेंडर लोगों के लिए केंद्र,राज्य सरकारों को सलाह की जारी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को एक सलाह जारी की है। एनएचआरसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस परामर्श में अधिकार निकाय ने कहा है कि देश में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के सामने आने वाली प्राथमिक चिंताओं में से एक यह है कि कानूनी प्रगति के बावजूद वे विभिन्न स्थानों पर रोजगार असमानताओं, स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित पहुंच और सामाजिक दायरे में बहिष्कार जैसे भेदभाव से जूझ रहे हैं। आयोग ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिवों, राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को एक पत्र में अपनी सिफारिशों को अक्षरश- लागू करने और कार्रवाई की मांग की है। साथ ही दो महीने के अंदर रिपोर्ट करने को कहा है। सलाह में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, रोजगार, समावेशिता, कल्याण और शिकायत निवारण तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन द्वारा कार्रवाई के लिए छह प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### इंडिपॉप कल्चर को वेस्टर्न के साथ लेकर बढ़ने प्रयास किये हैं - काजल नस्कर .!



टीसीरिज के पॉप चार्टबस्टर्स यूट्यूब चैनल पर निर्देशक काजल नस्कर का इंडी पॉप सॉन्ग मुख मोड़ ना कल रिलीज़ हुआ है। इस गाने के बारे में बात करते हुए काजल नस्कर बताते हैं कि मुख मोड़ ना एक बेहद ही प्यारा लव मेकिंग रोमांटिक गीत है, इस गीत में एक रोमांटिक कपल का एक दूसरे के प्रति प्यार और समर्पण दिखाने की कोशिश की गई है। रामोजी फ़िल्म सिटी हैदराबाद के खूबसूरत लोकेशन पर शूट हुए इस वीडियो गीत को काफी खूबसूरती से मधुरिमा विश्वास, गुलतेशाम और सानन्दा मित्रा पर फिल्माया गया है। यह गीत अतीत के प्यार और वर्तमान की हकीकत के सामंजस्य की कहानी की तरह है। जिसको काफी संज़ीदगी से निर्देशक द्वारा फिल्माया गया है। मुख मोड़ ना एक तरह से प्रेमी द्वारा प्रेमिका को किया जाने वाला अनुरोध है जिसमें एक दूजे के प्रति विश्वास रखने की बात कही गई है।

### मास्क टीवी ओटीटी पर 29 सितम्बर को स्ट्रीम होने जा रही है रक्तनीति




मुम्बई में आजकल गणेशोत्सव बड़े ही उत्साह और जोर शोर से चहुँओर मनाया जाता है। और मनाया भी क्यों न जाये, श्रीगणेश जी को हम विघ्नहर्ता जो मानते हैं, इसी गणेशोत्सव की धूम के बीच मास्क टीवी ओटीटी अपने दर्शकोंनक लिए त्यौहार स्पेशल गिफ्ट पैक के तौर पर रक्तनीति नाम से एक 5 एपिसोड का वेबसिरिज लेकर हाज़िर हुआ है। मास्क टीवी ओटीटी ने कम समय के अंदर ही दर्शकों के बीच अपनी खास जगह बना लिया है। इस ओटीटी प्लेटफॉर्म ने कई ऑरिजिनल कन्टेन्ट के साथ कई अन्य बेहतरीन वेबफिल्मों, और वेबसिरिज को भी अपने यहां से रिलीज़ करके सुर्खियाँ बटोरी हैं। इस प्लेटफॉर्म पर आज के समय मे भी बढ़ियां यूजर ट्रैफिक और व्यूवरशिप मिल रहा है जिससे मेकर्स को और बेहतरीन कन्टेन्ट लाने का हौंसला मिल रहा है। अब मास्क टीवी ओटीटी की कन्टेन्ट हेड मानसी भट्ट के मुताबिक आज बॉलीवुड फिल्म ग़दर 2, जवान, ओएमजी 2, और जेलर जैसी बड़ी फ़िल्मों के रिलीज़ होने और उनके द्वारा तगड़ी कमाई करने के बावजूद भी मास्क टीवी के व्यूवरशिप पर कोई असर नहीं पड़ना इस ओटीटी प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता का जीता - जागता उदाहरण है।

### निषाद पार्टी हुई पुनर्गठित, नियुक्त हुए नए जिलाध्यक्ष



**सोनभद्र।** निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री (मत्स्य). उ. प्र. सरकार संजय कुमार निषाद के निर्देशानुसार गठित कमेटी द्वारा सोनभद्र के निषाद पार्टी की पूर्व में जारी सूची को अप्रभावी करते हुए नई समस्त अनुषांगिक संगठनो के क्रम में अनिकेत निषाद को सोनभद्र का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के समस्त कार्यकर्ताओं हर्षाप्लावित हुए तथा वहीं खुशी का इजहार करते हुए नगर में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। जिलें के कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों ने नवागत जिलाध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नवागत जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 संजय निषाद जिस तरह युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयासरत हैं, उनके सपनों को पूर्ण करने हेतु हम हर कदम उनके मार्गदर्शन के अनुसार पार्टी को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**




सादुल्लानगर/बलरामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर मे अयोजित अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ड्रग इंस्पेक्टर आलोक त्रिवेदी विशिष्ट अतिथि केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामन्त्री अजय श्रीवास्तव, डॉ तबरेज, रईस डायरेक्टर पोलो हॉस्पिटल लखनऊ व कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले सभी फार्मासिस्ट साथियो का शिवम् सोनी द्वारा हार्दिक धन्यवाद एव आभार व्यक्त किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं आए हुए अतिथियों का फूल माला पहनाकर सम्मान पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# भारत क्रोनिक रेस्पिरेटरी डिजीज ( सीआरडी ) के एक बड़े बोझ का सामना कर रहा है : सुदीप्तो रॉय

## विश्व फेफड़ा दिवस 2023 पर किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाएगा

मुंबई/नई दिल्ली। विश्व फेफड़े दिवस2023 की थीम, सभी के लिए रोकथाम और उपचार तक पहुंच-कोई भी पीछे न छूटे को ध्यान में रखते हुए, अल्केम एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रव्यापी पहल शुरू कर रहा है जिसका उद्देश्य फेफड़ों के स्वास्थ्य के महत्व और शीघ्र निदान और सही उपचार की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अल्केम इस पहल के माध्यम से भारत के हर कोने तक पहुंचने और श्वसन रोगों से पीड़ित लोगों की बढ़ती संख्या में कमी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए, अल्केम टियर-1 और टियर-2 शहरों के लगभग 100 अस्पतालों के साथ सहयोग करते हुए, पूरे भारत में 700-800 शिविर आयोजित कर रहा है।

अल्केम लेबोरेटरीज लिमिटेड के प्रेसिडेंट, हेड-एक्यूट बिजनेस, सुदीप्तो रॉय ने कहा, भारत क्रोनिक रेस्पिरेटरी डिजीज (सीआरडी) के एक बड़े बोझ का सामना कर रहा है, जो वैश्विक सीआरडी मामलों में 15.69 प्रतिशत का योगदान देता है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि सीआरडी के कारण होने वाली सभी वैश्विक मौतों में से 30.28 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं। एक विशेष सीआरडी, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), भारत में विशेष रूप से प्रचलित है, जिसके 5 करोड़ 50 लाख और 23 हजार मामले हैं - जो इसे विश्वभर में सीओपीडी मामलों की सबसे अधिक संख्या बनाते हैं। दुखद बात यह है कि सीओपीडी से संबंधित मौतों के मामले



में भी भारत विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर है, हर साल लगभग 8 लाख 50 हजार मौतें होती हैं।

इसके अलावा, देश अस्थमा के संबंध में एक चिंताजनक वास्तविकता से जूझ रहा है, क्योंकि यह अस्थमा से संबंधित मौतों के मामले में विश्व में सबसे आगे है, इस स्थिति के कारण होने वाली वैश्विक मौतों में से 43 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं। यह अभियान फेफड़ों के स्वास्थ्य, धुम्रपान समाप्ति कार्यक्रमों और फेफड़ों को स्वस्थ बनाए रखने में गुणवत्तापूर्ण नींद के महत्व पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा।

सुदीप्तो रॉय ने आगे कहा, इस वर्ष विश्व फेफड़े दिवस पर अल्केम लेबोरेटरीज लिमिटेड, स्वस्थ फेफड़ों को बढ़ावा देने और इनहेलेशन थेरेपी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है। हमारा मानना है कि इनहेलेशन थेरेपी सहित गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार होना चाहिए।

हमारी देशव्यापी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य जागरूकता फैलाना, जनता को शिक्षित करना और यह सुनिश्चित करना है कि श्वसन संबंधी बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में कोई भी पीछे न रहे।

इनहेलेशन थेरेपी श्वसन संबंधी प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और अक्सर अस्थमा और सीओपीडी सहित फेफड़ों की बीमारियों के लिए अनुशंसित प्रारंभिक या प्रथम उपचार है। जो लोग फेफड़ों के स्वास्थ्य के बारे में अधिक जानना चाहते हैं, वे www.thehealthylungs.com पर जा सकते हैं - जहां फेफड़ों से संबंधित बीमारियों की जानकारियां एक ही स्थान पर मिल जाएंगी। यह पोर्टल जागरूकता बढ़ाने, मिथकों को दूर करने, ज्ञान में सुधार करने और मरीजों को रोगोपचार का पालन करने के लिए प्रेरित करने के लिए समर्पित है।

सुदीप्त रॉय ने आगे कहा, विश्व फेफड़े दिवस 2023 पर, हम व्यक्तियों, संगठनों और सरकारों को इस वैश्विक आंदोलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। साथ मिलकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि फेफड़ों की बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में कोई भी पीछे न छूटे। आइए हम जागरूकता बढ़ाएं, स्वस्थ फेफड़ों को बढ़ावा दें और सही उपचार तक पहुंच का समर्थन करें।

व्यापक अभियान न केवल स्वस्थ फेफड़ों के महत्व पर जोर देता है बल्कि श्वसन रोगों के प्रबंधन में इनहेलेशन थेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डालता है। राष्ट्रव्यापी प्रयास और दृढ़ समर्पण के साथ, भारत एक स्वस्थ और अधिक सूचित भविष्य की ओर महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।

# कायस्थ ट्रस्ट का राष्ट्रीय समागम सविधि सम्पन्न

मीरजापुर। विंध्यमण्डल - मीरजापुर के शिवाला महन्त पर कायस्थ संगठित परिवार न्यास (के. एस. पी. ट्रस्ट) की राष्ट्रीय स्तर की विशिष्ट न्यायसी समागम सभा सपन्न हुई साफल्य सँग। फन सिटी होटल में आयोजित ट्रस्ट महासभा के संयोजित समागम में ट्रस्ट के विभिन्न राज्यों से आए हुए न्यासी गणों द्वारा देश में दूरगामी प्रभाव डालने वाले निर्णय लिए गए।

समागम की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शक्ति श्रीवास्तव ने कहा की पश्चिम बंगाल, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उड़ीसा, झारखण्ड, नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ व उत्तराखंड के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के दर्जनों जनपदों से आए हुए विशिष्ट न्यासियों द्वारा केंद्र सरकार से राष्ट्रीय सवर्ण आयोग के गठन की




मांग मुखरित हुई पुरजोर स्वरों में। यह तथ्य कथ्यों सँग उत्प्रेरित हुए जिसके लिए ट्रस्ट संकल्पित हुआ सड़क से लेकर संसद - सदन तक संघर्ष करेने को। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल से आए हुए ट्रस्ट के संरक्षक सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि अब कायस्थ समाज अपनी जागरूकता, भाईचारा, सौहार्द सद्भाव व आपसी एकता के बल पर सभी स्तरों पर बहुत ही मजबूत हो गया है, जिसका प्रमाण विगत विभिन्न चुनावों में हम अपनी चट्टानी एकजुटता द्वारा दे चुके हैं।

कार्यक्रम का कुशल संचालन कार्यक्रम संयोजक जुबली इंटर कॉलेज के प्रवक्ता पंकज श्रीवास्तव तथा उपस्थित न्यासियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। न्यासी बैठक में मुख्य रूप से सचिव अजय सिन्हा, रजत श्रीवास्तव, विजय सिन्हा, सुशील श्रीवास्तव, डॉ0 शरद चंद्र श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, श्रीश कुमार श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, चौ0 राघवेंद्र नाथ सिंह, एड. एस. डी. कौटिल्य, डॉ0 सुशील सिन्हा, आदर्श श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव, अभिनव चित्रवंश, श्रीमती अवंतिका श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, एड0 व्योमेश चित्रवंश, रवि श्रीवास्तव, देवव्रत श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, हृदय श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, एड0 अशोक कुमार श्रीवास्तव, करुणा निधान व अमिताभ श्रीवास्तव इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शिवराज ने की सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की।

चौहान की अध्यक्षता में आज समत्व भवन में नर्मदा नियंत्रण मंडल की बैठक हुई। बैठक में नर्मदा घाटी विकास मंत्री गौरी शंकर बिसेन, जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

श्री चौहान ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त कर कार्यों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि खालवा उद्धवहन माइक्रो सिंचाई परियोजना से छूटे हुए ग्रामों को पूर्ण कर कुल 22 हजार 490 हेक्टेयर क्षेत्र में आगामी एक वर्ष में सिंचाई सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। कोविड की वजह से कमांड क्षेत्र के निर्धारण की प्रक्रिया शेष रहने और पर्यावरण स्वीकृति की वजह से हुए विलम्ब की स्थिति को समाप्त करने हुए तेजी से कार्य पर ध्यान दिया जा रहा है। इसी तरह नर्मदा झाबुआ पेटलावद-थांदला-सरदारपुर उद्धवहन माइक्रो सिंचाई परियोजना में 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। शीघ्र ही परियोजना के कार्य पूर्ण होंगे। बैठक में बताया गया कि निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल के लिए कार्य के पूर्ण होने की निर्धारित अवधि अक्टूबर 2023 है।

# दीक्षांत शपथ और उपदेश को अपने जीवन में उतारें विद्यार्थी

भोपाल। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज कहा कि शिक्षित वही है, जिसमें ज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी होते हैं और विद्यार्थी जीवन में विश्वविद्यालय से प्राप्त होने वाले संस्कार जीवन के हर कदम पर आपके पथ प्रदर्शक होते हैं।

पटेल आज कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों को परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करता है। जीवन की सफलताओं में कभी भी अपने माता-पिता और गुरुजन को नहीं भूलें। उनके सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। श्री पटेल ने कहा कि शिक्षक, युवा वर्ग को दृढ़ संकल्पवान बनाएं। उन्हें समस्याओं से जूझना सिखाएं ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मबल बना रहें। विद्यार्थी वंचित वर्गों के प्रति भी संवेदनशीलता के साथ सहयोग के लिए तत्पर रहें।

राजपाल ने विद्यार्थियों को दो अक्टूबर को आयोजित होने वाले स्वच्छता दिवस पर होने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़कर और उत्साह पूर्वक हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिसर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहने की समझाइश दी। राज्यपाल पटेल एवं अतिथियों ने विश्वविद्यालय की उपलब्धि पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया।

दीक्षांत समारोह में स्मृति-चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर कुलपति राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, प्रो. एस. सूर्यप्रकाश भी उपस्थित थे।

# मुख्य विकासअधिकारी की अध्यक्षता में जिला गजेटियर के लिए तथ्य - कथ्य सामग्री संग्रह हेतु आहूत हुई बैठक

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गजेटियर की बैठक पर गहनतम परिचर्चा व दिशानिर्देश के साथ सम्पन्न हुई बैठक। समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित सही सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जिला गजेटियर विभाग द्वारा तैयार किये गये 19 अध्यायों की प्रश्नावली को 11 अध्यायों में वर्गीकृत किया गया है जैसे-सामान्य परिचय, इतिहास, कला एवं संस्कृति, लोक एवं समाज, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, न्याय व्यवस्था एवं अन्य विभाग, कृषि, बागवानी, सिंचाई एवं संलग्न गतिविधियॉ समाहित रहेंगी। आर्थिक परिदृश्य मसलन उद्योग, बैंकिंग, व्यापार एवं वाणिज्य तथा विविध



व्यवसाय, राजनीतिक परिदृश्य एवं स्थानीय स्वशासन, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यटन, परिवहन तथा संचार के अलावा विविध बिन्दुओं को शामिल किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने गजेटियर के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से बारी-बारी से सूचना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और आने वाली समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर शंका समाधान किया जायेगा। गजेटियर से जुड़े सूचनाओं को एकत्र करने के लिए विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले का गठन, नामकरण, जिले की भौगोलिक स्थिति, सीमा एवं विस्तार, जिले की जनसंख्या, जिले की क्षेत्रीय भाषा, बोली, जिले की प्रशासनिक इकाई, जल संसाधन, वन्य क्षेत्र जीव-जन्तु एवं जल-विविधता, जिले के प्रमुख उत्पाद, जलवायु परिवर्तन, तापमान, आर्द्रता, मौसमी दशायें, वर्षा एवं आपदा बाढ़ एवं आँधी -तूफान आदि के साथ ही जनपद के प्रमुख राजनीतिक व्यक्तियों, समाज सेवियों का विवरण की सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह के अन्दर समस्त सूचनाएं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय सोनभद्र में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र ने समस्त विभागों को गजेटियर जुड़े कुछ महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराते हुए कहा कि इसकी सूचना देते समय इस बात को ध्यान में रखा जाय कि सूचना सहीं व पारदर्शिता हो और कोई भी तथ्य अधूरा न हो जिससे गजेटियर से सम्बन्धित कार्यों को पूरा किया जा सके। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी आर0एस0 मौर्या, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शाहगंज व घोरावल में सीओ की निगहबानी में पुलिस जत्थे ने किया फ्लैगमार्च

**सोनभद्र।** सन्निकट पर्व - परम्परा पर अलोकपात करते पुलिस जत्थे ने किया फ्लैगमार्च जनपद के घोरावल व शाहगंज बाजार इलाके में। बारावफात त्यौहार एवं गणेश चतुर्दशी पर्व व प्रतिमा विसर्जन के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टिगत सर्किल घोरावल के थाना शाहगंज तथा थाना घोरावल के कस्बा घोरावल में फ्लैग मार्च किया गया एवं एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने इस फ्लैग मार्च के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ाना एवं असामाजिक तथा अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को संदेश देना है ताकि कानून व्यवस्था कायम रहे, अमनोअमान बरकरार रहे। सीओ ने हिदायत भरे लहजे में कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा अराजक तत्वों को विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

फ्लैग मार्च के दौरान कस्बा शाहगंज में क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार, थाना अध्यक्ष शाहगंज सूर्यभान, कस्बा शाहगंज चौकी प्रभारी सुजीत सेठ, उप निरीक्षक भानु प्रताप सिंह, नरेंद्र राय






एवं थाना शाहगंज पुलिस बल व उम्भा पीएसी बल एक प्लाटून दस्ते में मौजूद रहा।

शाहगंज कस्बे में फ्लैग मार्च कूच किया शाहगंज पुलिस चौकी से और आगे बढ़ता राजपुर मार्ग पहुंच पुन: वापस आते हुए मेन रोड होते हुए हनुमान तिराहा एवं आगे घोरावल की तरफ कस्बा शाहगंज की समाप्ति तक चला। कस्बा घोरावल में फ्लैग मार्च खुटहाँ मोड़ से होते हुए मेन तिराहा कस्बा घोरावल व चांदी मोड़ से गुजरते होते मुख्या मोड़ पर जाकर समापन हुआ फ्लैगमार्च का।

कस्बा घोरावल के फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकारी घोरावल के साथ थाना प्रभारी घोरावल अंजनी कुमार राय, कस्बा घोरावल चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह, उप निरीक्षक अजय पांडे, राम अवध, ट्रैफिक पुलिस, थाना पुलिस बल व उम्भा पीएसी एक प्लाटून बल उपस्थित रहा।

# भाजपा की एक और सूची, मोनिका बट्टी को अमरवाड़ा से बनाया प्रत्याशी

भोपाल। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पहले आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से अपने प्रत्याशियों की एक और सूची जारी करते हुए सुश्री मोनिका बट्टी को अमरवाड़ा विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसके पहले कल ही पार्टी ने अपने 39 प्रत्याशियों की घोषणा की थी, जिसमें तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों के नाम शामिल थे। पार्टी की ओर से आज जारी की गई सूची के अनुसार अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित अमरवाड़ा सीट से मोनिका बट्टी चुनाव मैदान में उतरेंगी। बट्टी पिछले दिनों ही भाजपा में शामिल हुई हैं। वे अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक मनमोहन शाह बट्टी की बेटी हैं। मनमोहन शाह बट्टी अमरवाड़ा से विधायक रह चुके हैं। कोरोना काल के दौरान उनका निधन हो जाने के बाद से उनकी बेटी मोनिका बट्टी अखिल भारतीय गोंडवाना के अध्यक्ष बनने के बाद उसे संभाल रही है। इस पार्टी का पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा में अच्छा खासा प्रभाव है।

# हमारी टीम ने असंभव को संभव कर दिखाया : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 23 मार्च 2020 को चौथी बार मुख्यमंत्री का पदभार संभालते वक्त प्रदेश में चुनौतिपूर्ण स्थितियाँ विद्यमान थीं। कोरोना संकट के साथ-साथ विषम आर्थिक परिस्थितियों के कारण हताशा, निराशा और अनिश्चित्ता का वातावरण था। मंत्रि-परिषद तथा अधिकारियों के सहयोग, कठिन परिश्रम, दृढ़इच्छा शक्ति व टीम भावना के परिणाम स्वरूप हमने परिस्थितियों पर नियंत्रण पाया और हमारा प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी और बीमारी (कोरोना) दोनों से मुक्त हुआ।

श्री चौहान मंत्रि-परिषद तथा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को मंत्रालय में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि विपरित परिस्थितियों को भी वरदान में बदलने, विकास-जनकल्याण और सुराज की नई ऊंचाईयां छूने, नए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में पिछले साढ़े तीन साल में हमारी टीम ने असंभव को संभव कर दिखाया। इस उपलब्धि के लिए मंत्रि-परिषद तथा अधिकारी धन्यवाद और बधाई के पात्र हैं।



मुख्यमंत्री उन्होंने कहा कि कोरोना काल में दिन रात अथक परिश्रम से परिस्थितियों पर नियंत्रण पाया गया। लगभग 500 दिनों में 374 से अधिक बैठकें कर जिलों की वास्तविक परिस्थितियों से रूबरू होना, तत्काल कोविड केयर सेंटर आरंभ करना, ऑक्सीजन की व्यवस्था करना और जन सामान्य में सकारात्मक व संघर्ष का भाव बनाए रखना चुनौतिपूर्ण था। कोरोना काल में प्रदेश में जन भागीदारी से बनाई गई संरचनाओं ने देश में नजीर प्रस्तुत की।

कारम डेम का संकट हो या अन्य कोई आपदा, हमारी टीम हर कसौटी पर खरी उतरी। प्रात-6 बजे की बैठकें हों या अवकाश के दिनों में जिम्मेदारी संभालने का मौका हो, हमारे अधिकारी कभी भी काम से पीछे नहीं हटे। सब ने सामन्जस्य और तड़प के साथ काम किया और बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकाला।